दैनिक
# राष्ट्रीय जनभावना

RNI-MPHIN/2013/53761, DAVP 133088/20/02/2020

वर्ष-3, अंक-65
इन्दौर शुक्रवार
6 जून 2025
पृष्ठ 8, मूल्य 2 रु.

प्रधान संपादकः सुनील वर्मा मो.: 9425491979, E-mail: janbhavna.ind@gmail.com

**सुविचार**

भोजन के लिए अच्छे पदार्थों का उपलब्ध होना, उन्हें पचाने की शक्ति का होना, सुंदर स्त्री के साथ संसर्ग के लिए कामशक्ति का होना, प्रचुर धन के साथ-साथ धन देने की इच्छा होना। ये सभी सुख मनुष्य को बहुत कठिनता से प्राप्त होते हैं।

चाणक्य



**मुख्यमंत्री का निवेशकों को आमंत्रण :** मध्यप्रदेश आएं ओर भारत को विश्व गुरू बनाने की यात्रा में सहभागी बनें

# समिट में आये 1,929 करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्तावः डॉ. यादव



### समिट में हुआ नीति-निवेश अध्यात्म और समाज कल्याण का संगम

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पिछले साल सभी संभागीय मुख्यालयों पर हुई रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव और फरवरी में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में हुए ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट 30 लाख करोड़ रूपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए, यहां 21 लाख 75 हजार रोजगार सृजन होने की संभावना भी है। उन्होंने कहा कि हमने 2025 को उद्योग वर्ष घोषित किया है और लगातार सेक्टर वार समिट का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मंदसौर और नरसिंहपुर में एग्री समिट के अलावा इंदौर में आईटी समिट के अच्छे परिणाम आए हैं।

**भोपाल, निप्र। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उज्जैन में स्पिरिचुअल एंड वेलनेस समिट में कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के हील इंडिया और 'लाइफ स्टाइल' (LiFE) जैसे दूरदर्शी विचारों से प्रेरित होकर मध्यप्रदेश को समग्र जीवनशैली और वेलनेस नवाचार का ग्लोबल सेंटर बनाया जा रहा है।**

समिट के माध्यम से प्रदेश ने यह स्पष्ट कर दिया है कि वह भारत के वेलनेस मिशन का नेतृत्व करने को पूरी तरह तैयार है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने समिट को एक परिवर्तनकारी पहलबताया और कहा कि यहां नीति, निवेश, अध्यात्म और समाज कल्याण का संगम हुआ है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश अब भारत के वेलनेस मिशन का ग्लोबल इंजन बनने को तत्पर है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने समिट में वेलनेस और हॉस्पिटैलिटी क्षेत्र के निवेशकों से14 वन-टू-वन बैठकेंकीं, जिनमें बुनियादी ज़रूरतों, निवेश समर्थक नीतियों और प्राथमिकताओं पर चर्चा हुई। समिट में 1929 करोड़ रूपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि विश्व पर्यावरण दिवस और गंगा दशहरा एक ही दिन होने का सुखद संयोग हुआ है। इस अवसर पर 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान का प्रदेश में पुन: शुभारंभ किया गया है। इस अभियान के अंतर्गत प्रदेश में 5 करोड़ पौधे रोपे गए हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि उनकी सरकार रोजगार सृजन के लिए तेजी से काम कर रही है।

## नाइपर उज्जैन मेडिसिटी में नॉलेज पार्टनर की भूमिका निभाएगा : सीएम डॉ. यादव

### मध्यप्रदेश बहुत प्यारी धरती, यहाँ सब कुछ हैः धार्मिक गुरु श्री सरस्वती

**भोपाल, निप्र।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश अपार संभावनाओं वाला प्रदेश है। मध्यप्रदेश को प्रकृति का पूर्ण स्नेह प्राप्त है। भारत के हृदय स्थल में स्थित मध्यप्रदेश में उत्कृष्ट एयर कनेक्टिविटी, रेल नेटवर्क और हाईवे हैं जो देश के हर कोने से मध्यप्रदेश की पहुँच को सुगम बनाते हैं। इन बुनियादी ढाँचों का सतत् विस्तार जारी है। हाल ही में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने सतना और दतिया एयरपोर्ट का शुभारंभ कर इन सुविधाओं को और समृद्ध किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वैदिक मन्त्रोचार की पवित्र ध्वनि के बीच दीप प्रज्ज्वलित कर उज्जैन में स्पिरिचुअल और वेलनेस समिट-2025 के मुख्य सत्र का शुभारंभ किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज गंगा दशहरा और पर्यावरण दिवस के अवसर पर स्पिरिचुअल और वेलनेस समिट का आयोजन किया गया है। यह अवसर मध्यप्रदेश की वृहद प्राकृतिक और आध्यात्मिक धरोहर का निरूपण भी है। उन्होंने कहा कि भारत की संस्कृति और जीवनशैली आज पूरे विश्व का ध्यान आकृष्ट कर रही है। भारतीय संस्कृति में प्रकृति प्रेम और पूजन अभिन्न अंग है। भारतीय जीवनदृष्टि केवल रोगों के उपचार तक सीमित नहीं है, बल्कि ऐसी जीवनशैली को प्रोत्साहित करती है जिसमें व्यक्ति स्वस्थ रहे और रोगों की संभावना ही न हो।



### हर सेक्टर में निवेश को किया जा रहा प्रोत्साहित

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में यह वर्ष उद्योग वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। रीजनल इंडस्ट्री कॉनक्लेव, ग्लोबल इन्वेस्टर समिट और सेक्टर आधारित समिट के आयोजन से हर क्षेत्र, हर सेक्टर में निवेश को प्रोत्साहित किया जा रहा है। प्रदेश में 18 नवीन इन्वेस्टर फ्रेंडली पॉलिसी के माध्यम से निवेश प्रक्रिया को सहज और आकर्षक बनाया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जीआईएस में 30 लाख करोड़ से अधिक का निवेश प्रस्ताव और 21 लाख 40 हज़ार से अधिक रोजगारों के सृजन के प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। उन्होंने कहा कि रोजगारपरक उद्यमों के लिए 5 हज़ार रुपए प्रति व्यक्ति के मान से विशेष प्रोत्साहन सरकार द्वारा दिया जा रहा है।

**नारी शक्तिः** त्रि-सेना की पहली महिला नौकायन यात्रा पूरी

## 11 वीरांगनाओं ने 55 दिन में लहरों पर रचा इतिहास



मुंबई, एजेंसी

**भारत के समुद्री और सैन्य इतिहास में एक नया अध्याय जुड़ गया है। देश की सेना, नौसेना और वायुसेना की महिला अधिकारियों की पहली त्रि-सेना नौकायन यात्रा बुधवार को सफलतापूर्वक समाप्त हो गई। मुंबई से सेशेल्स और फिर वापसी की यह ऐतिहासिक यात्रा करीब 55 दिनों में 3,600 समुद्री मील की दूरी तय कर पूरी की गई।**

बता दें कि यह यात्रा 7 अप्रैल 2025 को आईएएसवी त्रिवेणी नामक भारतीय नौकायन पोत से शुरू हुई थी और 4 जून को मुंबई स्थित इंडियन नेवल वॉटरमैनशिप ट्रेनिंग सेंटर पर इसका समापन हुआ। इस मौके पर लेफ्टिनेंट जनरल एके रमेश ने टीम का स्वागत किया।

इस यात्रा पर गई टीम में 11 महिला अधिकारी शामिल थीं, जिनमें थल सेना से लेफ्टिनेंट कर्नल अनुजा, मेजर करमजीत, मेजर तन्या, कैप्टन ओमिता, कैप्टन दौली और कैप्टन प्राजक्ता; नौसेना से लेफ्टिनेंट कमांडर प्रियंका और वायुसेना से स्क्वाड्रन लीडर विभा, श्रद्धा, आरूवी और वैशाली शामिल थीं। इस मौके पर रक्षा मंत्रालय ने कहा कि यह यात्रा महिला सशक्तिकरण (नारी शक्ति) का प्रतीक है।

### टीम ने कठिन समय का किया सामना

इस यात्रा के दौरान महिला अधिकारियों ने समुद्र की कठिन परिस्थितियों, मौसम की अनिश्चितता, उपकरणों की समस्या और थकान जैसे कई चुनौतियों का साहस और टीम भावना से सामना किया। साथ ही इसके साथ ही सेशेल्स में टीम ने कई राजनयिक और रक्षा कार्यक्रमों में हिस्सा लिया, जिनमें देश के विदेश मंत्री, रक्षा प्रमुखों से मुलाकात और भारत के उच्चायुक्त के साथ बातचीत शामिल रही। इससे भारत-सेशेल्स संबंधों को मजबूती मिली और यह यात्रा सॉफ़्ट पावर डिप्लोमेसी का प्रतीक भी बनी।

## संक्षिप्त समाचार

### कीमत से 10 रुपये ज्यादा वसूलना पड़ा भारी, जिला उपभोक्ता आयोग ने ठोका 10 हजार जुर्माना

**हरिद्वार, (हि.स.)।** जिला उपभोक्ता आयोग ने दुकानदार द्वारा निर्धारित कीमत से 10 रुपये अधिक वसूलने को उपभोक्ता सेवा में घोर लापरवाही व व्यापारिक कदाचार माना है। आयोग ने दुकानदार को आदेश दिया है कि वह पीड़ित उपभोक्ता को 10 रुपये अधिक कीमत वसूलने के बदले 100 रुपये, 10 हजार रूपये क्षतिपूर्ति व 5 हजार रुपये वाद खर्च सहित कुल 15100 रुपये का एक माह के अंदर भुगतान करे। जिला उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष गगन गुप्ता, सदस्य रंजना गोयल व डॉ अमरेश रावत ने उक्त निर्णय उपभोक्ता दुष्यंत पुंडीर की शिकायत पर दिया है।

### दिल्ली के साकेत कोर्ट के लॉकअप में विचाराधीन कैदी की हत्या

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** साकेत कोर्ट में आज एक विचारधीन कैदी की दो अन्य कैदियों ने जानलेवा हमला कर हत्या कर दी। मामला पुरानी रंजिश का बताया जा रहा है। साकेत कोर्ट के लॉकअप में उस समय अफरा-तफरी मच गई जब एक विचाराधीन कैदी पर दो अन्य कैदियों ने जानलेवा हमला कर दिया। कैदी की पहचान अमन (24) निवासी गोविंदपुरी, दिल्ली के रूप में हुई है। वह वर्ष 2017 के हत्या के प्रयास के मामले में आरोपित था। पुलिस के अनुसार अमन को कोर्ट में पेशी के लिए लाया गया था और घटना के समय खारजा नंबर-5 में कई अन्य विचाराधीन कैदी भी मौजूद थे। अचानक दो कैदी जितेन्द्र उर्फ जिट्टे (पुत्र जगदीश) और जयदेव उर्फ बच्चा पुत्र लालचंद ने अमन पर हमला कर दिया।




**अयोध्या में भव्य राम दरबार की प्राण-प्रतिष्ठा**

## प्रधानमंत्री ने की देशवासियों के सुख, समृद्धि की कामना



नई दिल्ली, (हि.स.)

अयोध्या में राम जन्मभूमि परिसर में भव्य राम दरबार की प्राण-प्रतिष्ठा संपन्न हुई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस अवसर पर एक्स पर भावपूर्ण संदेश साझा किया। उन्होंने कहा कि यह क्षण सभी रामभक्तों के लिए श्रद्धा और आनंद से भरने वाला है। उन्होंने प्रभु श्रीराम से देशवासियों के सुख, समृद्धि और आरोग्य की कामना की।

प्रधानमंत्री ने श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के एक पोस्ट को रिट्वीट करते हुए यह बातें कहीं।

ट्रस्ट ने एक्स हैंडल पर श्रीराम स्तुति श्लोक साझा किया। उसमें कहा गया कि जिनके दाहिने लक्ष्मण, बाएं सीता और सामने हनुमान हैं, उन रघुकुलनंदन श्रीराम को नमन है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज अयोध्या में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए।

### जम्मू-कश्मीर में 32 स्थानों पर एनआईए के छापे, आपत्तिजनक सामग्री बरामद

**श्रीनगर, (हि.स.)।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने जम्मू-कश्मीर को अस्थिर करने के लिए पाकिस्तान समर्थित प्रतिबंधित आतंकवादी संगठनों के खिलाफ गुरुवार को कश्मीर भर में कई जगहों पर तलाशी ली। तलाशी में एनआईए ने बड़ी मात्रा में आपत्तिजनक डेटा और दस्तावेज वाले कई डिजिटल डिवाइस बरामद किए हैं। एजेंसी के अनुसार आज केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में बत्तीस स्थानों पर तलाशी ली गई। यह ठिकाने हाइब्रिड आतंकवादियों और ओवरग्राउंड वर्करों के आवासीय परिसर थे, जैसे कि द रेजिस्टेंस फ्रंट, यूनाइटेड लिबरेशन फ्रंट जम्मू और कश्मीर, मुजाहिदीन गजवत-उल-हिंद, जम्मू और कश्मीर फ्रीडम फाइटर्स, कश्मीर टाइगर्स, पीएएफ और अन्य जो प्रतिबंधित आतंकवादी संगठनों जैसे लस्कर-ए-तैयबा, जैश-ए-मोहम्मद, अल-बद्र आदि से संबद्ध हैं।

## चारधाम यात्रा ट्रांजिट कैम्प में अब तक 8486 विदेशी तीर्थयात्रियों का हो चुका है पंजीकरण

### विदेशी मेहमानों ने यात्रा प्रबंधन को सराहा, ऋषिकेश स्थित यात्रा ट्रांजिट कैम्प में किया जा रहा है पंजीकरण

देहरादून, (हि.स.)

उत्तराखंड में चल रही चार धाम यात्रा में देश के विभिन्न प्रांतों के साथ ही विदेशी तीर्थयात्री भी शामिल हो रहे हैं। चारधाम यात्रा ट्रांजिट कैम्प में अब तक 8486 विदेशी तीर्थयात्रियों का पंजीकरण हो चुका है। विदेशी तीर्थयात्रियों ने ऋषिकेश स्थित यात्रा ट्रांजिट कैम्प में उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं के लिए सरकार और यात्रा प्रशासन के प्रयासों को सराहा है।

इस बाबत मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि चारधाम यात्रा में देश-विदेश के तीर्थ यात्री शामिल हो रहे हैं। सरकार सभी तीर्थ यात्रियों को हर संभव सुविधा और सहायता प्रदान कर रही है, ताकि यात्री देवभूमि उत्तराखंड से सुखद अनुभूति लेकर जाएं। इसके लिए यात्रा प्रशासन को हर वक्त अलर्ट मोड में रहने के निर्देश दिए गए हैं।

उन्होंने कहा कि ऋषिकेश में चारधाम यात्रा प्रशासन संगठन की ओर से यात्रा ट्रांजिट कैम्प का संचालन किया जा रहा है, जिसमें यात्रियों को पंजीकरण से लेकर, स्वास्थ्य परीक्षण और निशुल्क भोजन की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। ट्रांजिट कैम्प पर विदेशी तीर्थ यात्रियों के पंजीकरण के लिए अलग से काउंटर बनाए गए हैं।

चार जून को ब्रिटेन के रहने वाले थॉमस चारों धामों की यात्रा के लिए पंजीकरण कराने ट्रांजिट कैम्प पहुंचे। उन्होंने आसान पंजीकरण प्रक्रिया के साथ ही यात्रा मार्ग की समस्त जानकारी मिलने पर खुशी व्यक्त की। 30 मई को ताइवान के 17 लोगों का दल भी गंगोत्री-यमुनोत्री धाम के दर्शन के लिए ट्रांजिट कैम्प पहुंचा।

**पूर्वोत्तर में बिगड़े हालात**

## सिक्किम का लाचेन गांव पूरी तरह से कटा

### नौ लाख लोग प्रभावित, अब तक 50 की मौत

असम, एजेंसी

**असम समेत पूर्वोत्तर के सभी सात राज्यों और सिक्किम में पिछले छह दिनों से लगातार हो रही बारिश से बाढ़ और भूस्खलन की स्थिति और गंभीर हो गई है। राष्ट्रीय राजमार्ग समेत कई सड़कें बंद हैं। ब्रह्मपुत्र समेत सात नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं और सैकड़ों घर गिर गए हैं या बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुए हैं।**

बारिश-बाढ़ से जुड़ी घटनाओं में अब तक 50 लोगों की जान जा चुकी है, जिनमें सबसे अधिक असम के 19 लोग शामिल हैं। 1,500 से अधिक जलमग्न हुए हैं, लगभग 9 लाख लोग प्रभावित हुए हैं और हजारों लोग राहत शिविरों में रहने के लिए मजबूर हैं। उत्तरी सिक्किम के चाटन में बारिश के कारण जगह-जगह हुए भूस्खलन से कई लोग फंस गए हैं। सेना और वायुसेना फंसे लोगों को निकालने के लिए अभियान चला रही है। रास्ते में फंसे 113 सैलानियों को दुर्गम रास्तों के जरिये लाचेन गांव तक पहुंचाया गया है, लेकिन भूस्खलन की वजह से यह गांव पूरी तरह से कट गया है।



### अरुणाचल में 3,000 लोग हुए प्रभावित

मूसलाधार बारिश, बाढ़ और भूस्खलन से अरुणाचल प्रदेश के 23 जिलों में तीन हजार से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। बाढ़ और भूस्खलन से अब तक 12 लोगों की जान जा चुकी है। दो लोग लापता हैं। सबसे बुरी तरह प्रभावित चांगलांग जिले में छह गांव पानी में डूब गए हैं, 212 घरों को नुकसान पहुंचा है और 2,231 लोग बेघर हो गए हैं। दिबांग घाटी व अंजॉ जिलों में तथा मागी व सिजी के पास लिकाबाली-आलो राजमार्ग पर ताजा भूस्खलन होने से वाहनों की आवाजाही बाधित हुई है। साथ ही, राज्य की कई प्रमुख नदियां उफान पर हैं।

### ब्रह्मपुत्र समेत सात नदियां खतरे के निशान से ऊपर

असम के धुबरी, दक्षिण सलमारा-मनकाचर, गोलपाड़ा और कोकराझार में भारी बारिश के आसार हैं। ब्रह्मपुत्र समेत सात नदियां पहले से ही खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं और 21 जिलों में 1,506 गांव जलमग्न हैं। बुधवार को और दो लोगों की मौत हो गई, जिससे यहां मृतकों की संख्या 19 हो गई है। लगभग 6.80 लाख प्रभावित हुए हैं।

**सेना का ऑपरेशन जल राहत-2 जारी...** मणिपुर और त्रिपुरा में बाढ़ संकट से बचाव के लिए सेना की पूर्वी कमान के तहत असम राइफल्स ऑपरेशन जल राहत-2 चला रही है। इसके तहत बाढ़ ग्रस्त इलाकों में फंसे लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा रहा है और साथ ही उन्हें मानवीय सहायता और आपदा राहत सामग्री प्रदान की जा रही है।

**पहली डिजिटल जनगणना, मकानों की गणना अगले साल अप्रैल से**

# 16 साल बाद होगी 16वीं जनगणना, 30 लाख गणनाकर्मी लगेंगे

नई दिल्ली, एजेंसी

**जनगणना 2027 देश में पहली डिजिटल जनगणना होगी, जिसमें लोग खुद अपने बारे में जानकारी दर्ज कर सकेंगे। मकानों की गणना या सूचीकरण का चरण, अप्रैल 2026 तक शुरू होने की संभावना है। यह देश में 16वीं जनगणना है, जो 16 साल बाद होगी। इससे पहले 2011 में जनगणना हुई थी।**

इसके लिए 30 लाख से ज्यादा गणनाकर्ताओं और पर्यवेक्षकों को जनगणना करने के लिए प्रशिक्षण दिया जाएगा। ये घर-घर जाकर गणना करेंगे। संपूर्ण जनगणना प्रक्रिया पर 13,000 करोड़ रुपये से अधिक खर्च होने की संभावना है। हालांकि यह साफ नहीं है कि इस जनगणना के दौरान राष्ट्रीय आबादी रजिस्टर (एनपीआर) को अपडेट किया जाएगा या नहीं।



### जनगणना के साथ जातीय आधार पर लोगों की गणना का एलान किया था

इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 30 अप्रैल 2025 को एलान किया था कि इस बार भारत में जनगणना को जातीय आधार पर करवाया जाएगा। केंद्रीय सूचना-प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कैबिनेट की बैठक में लिए गए फैसले की जानकारी देते हुए कहा कि मोदी सरकार अगली जनगणना के साथ जातीय आधार पर लोगों की गणना भी करेगी। गौरतलब है कि इससे पहले भी कई मौकों पर जातिगत जनगणना की मांग उठती रही है। लेकिन सरकार ने इन मांगों को दरकिनार कर दिया। लेकिन अब तारीखों के एलान के साथ आजाद भारत में पहली बार जातिगत जनगणना का रास्ता लगभग साफ हो गया है।

#### देश में आखिरी बार कब हुई थी जातिगत जनगणना?

देश में जनगणना की शुरुआत 1881 में हुई थी। पहली बार हुई जनगणना में जातिगत जनगणना के आंकड़े जारी हुए थे। इसके बाद हर दस साल पर जनगणना होती रही। 1931 तक की जनगणना में हर बार जातिवार आंकड़े भी जारी किए गए। 1941 की जनगणना में जातिवार आंकड़े जुटाए गए थे, लेकिन इन्हें जारी नहीं किया गया। आजादी के बाद से हर बार की जनगणना में सरकार ने सिर्फ अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के ही जाति आधारित आंकड़े जारी किए। अन्य जातियों के जातिवार आंकड़े 1931 के बाद कभी प्रकाशित नहीं किए गए।

**पूरे देश में मार्च 2027 से जातीय जनगणना...** केंद्र सरकार ने जनगणना कराने को लेकर बड़ा एलान किया है। पूरे देश में मार्च 2027 से जातीय जनगणना कराई जाएगी। हालांकि, इससे पांच महीने पहले अक्तूबर 2026 में पहाड़ी राज्यों में जातीय जनगणना शुरू करा ली जाएगी। गृह मंत्रालय की तरफ से दी गई जानकारी के मुताबिक, केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख और जम्मू-कश्मीर के अलावा हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड जैसे बर्फ से प्रभावित होने वाले राज्यों में जनगणना 1 अक्तूबर 2026 से ही मानी जाएगी।

## संपादकीय

# कोरोना महामारी के मोर्चे पर सरकार की तैयारियां ?



*भारत में एक बार फिर कोरोना संक्रमण की रफ्तार तेज़ हो गई है। केवल 13 दिनों में संक्रमण के मामले 257 से बढ़कर 4026 तक पहुंच गए हैं। इसमे सबसे ज्यादा चौंकाने वाली बात यह है, सरकार की ओर से इस बार कोई ठोस गाइडलाइन या रणनीति सामने नहीं आई है। अस्पतालों में कोविड वार्ड नदारद हैं। ऑक्सीजन सिलेंडरों की किल्लत फिर हो सकती है। पहले से ही जर्जर स्वास्थ्य ढांचा चरमराने की कगार पर है। पीएम केयर फंड के माध्यम से जो अस्पतालों में ऑक्सीजन प्लांट लगवाए गए थे, वे बंद पड़े हुए हैं। सरकार की ओर से अभी तक कोरोना के वायरस और इलाज को लेकर कोई गाइडलाइन जारी नहीं की गई है, जिसके कारण आम लोगों में डर और भय का वातावरण देखने को मिल रहा है। कोरोना की तीसरी लहर के विनाशकारी अनुभव के बावजूद केंद्र और राज्य सरकारें इस बार पूरी तरह बेपरवाह नज़र आ रही हैं। न तो अस्पतालों में कोविड बेड आरक्षित किये गये हैं, ना ही कोरोना वायरस की टेस्टिंग को लेकर कोई दिशा निर्देश अथवा सख्ती शुरू की गई है। कई जिलों में आरटी-पीसीआर जांच सीमित हैं। ऐसे में असल संक्रमण की स्थिति का अंदाजा लगाना भी मुश्किल हो रहा है। सबसे गंभीर चिंता यह है, इस बार कोविड के नए वैरिएंट्स–जैसे जेएन-1, एक्सबीबी1.16 और बीए.2.86–तेजी से फैल रहे हैं। इन पर पहले की वैक्सीन कारगर नहीं है। इसका दावा खुद स्वास्थ्य विभाग कर रहा है। इलाज का कोई निष्कर्ष अभी तक सामने नहीं आया है। सरकार इस पर कोई संज्ञान लेते नहीं दिख रही है। सरकारी अस्पतालों की हालत ऐसी है, कि वहां सामान्य मरीजों को भी ठीक से इलाज नहीं मिल पा रहा है। यदि संक्रमण और फैला तो सरकारी एवं निजी अस्पतालों मे कोरोना बीमारी के इलाज के नाम पर मनमानी एक बार फिर आम जनता की जेब पर भारी पड़ेगी। इससे निपटने के लिए कोई स्पष्ट नीति या तैयारी को लेकर केंद्र सरकार की चुप्पी लोगों को आश्चर्य में डाल रही है। भारत जैसे विशाल जनसंख्या वाले देश में महामारी से निपटने के लिए पूर्व योजना, संसाधनों का भंडारण, पारदर्शी रिपोर्टिंग एवं केंद्र-राज्यों के बीच समन्वय अत्यंत आवश्यक हैं। दुर्भाग्यवश, यह सब समाचार पत्रों और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया तक ही सीमित है। अगर अब भी सरकार नहीं जागी, तो देश एक बार फिर उसी अराजकता और भय के दौर में लौट सकता है, जो दूसरी लहर के समय देखा गया था। कोविड-19 में दूसरी और तीसरी लहर में सबसे ज्यादा मौतें हुईं थीं।*

# हड्डियों की चीख़ - प्लास्टर कक्ष का आतंक

**कृपया कमजोर दिल वाले इस रचना को नहीं पढ़ें**







पने प्रतिष्ठान में, अपनी कुर्सी में गहराई से धँसा, कुछ मरीज़ों की हड्डियों और पसलियों को एक साथ मिला रहा था, तभी पास के प्लास्टर कक्ष से, जहाँ एक अधेड़ उम्र की महिला थी, उसके चिल्लाने की आवाज़ आई। साथ ही, प्लास्टर काटने के लिए इस्तेमाल की जा रही कटर मशीन की गड़गड़ाहट सुनाई दी, मानो कोई मशीनगन चल रही हो। यह प्लास्टर काटने का खौफनाक मंज़र किसी रामसे ब्रदर्स की हॉरर फ़िल्म से भी ज़्यादा डरावना। यूँ तो प्लास्टर काटने का समय मैं ओ.पी.डी. (OPD) के बाद का रखता हूँ, इसका एक विशेष प्रयोजन है... मुझे आवाज़ के शोरगुल में बच्चों को पेरेंट्स की गोद में दुबकते सिसकते देखना अच्छा नहीं लगता। कई मरीज़, जिनका प्लास्टर लगना होता है, अपना इरादा बदल देते हैं। बोलते हैं - साहब, प्लास्टर लगवाने का दर्द तो झेल लेंगे, लेकिन यह प्लास्टर काटते वक़्त का मंजर इतना खौफनाक हो सकता है, यह सोच कर ही डर लगने लगता है। यह प्लास्टर काटने का दृश्य न जाने कितनी महान हस्तियों और सेलिब्रिटी के जीवन के सबसे डरावने दुःस्वप्नों में से एक है, जो उनकी जीवनियों में उल्लिखित मिलता है।

अब इस महिला की रामकहानी कहें - यह महिला इससे पहले चार बार प्लास्टर कटवाने आ चुकी है और चारों बार ही अपना इरादा बदलकर यहाँ से चम्पत हो चुकी है। आज भी इसके अटेंडेंट्स (attendants) इसे ज़बरदस्ती पकड़कर लाए हैं। प्लास्टर जो एक महीने रखना था, उसे यह ढाई महीने खींच चुकी है! यूँ तो इस दुनिया में भाँति-भाँति के लोग होते हैं, लेकिन हमारी ऑर्थो (ortho) की दुनिया में सिर्फ दो तरह के लोग होते हैं - एक वो जो प्लास्टर जल्दी कटवाना चाहते हैं, और दूसरे वो जो प्लास्टर लगवाना ही नहीं चाहते!

प्लास्टर लगवाने वाली कोई प्रजाति अगर होती तो शायद विलुप्ति के कगार पर होती। मुझे तो आजकल एक भी इस प्रजाति का बंदा मेरी ओ.पी.डी. में नहीं आया। जब प्लास्टर के लिए कहता हूँ तो मरीज़ को ऐसा सुनाई देता है, जैसे कोई जज किसी आपराधिक केस की पैरवी सुनने के बाद फाइनल वर्डिक्ट सुना रहा है - तमाम हालातों पर गौर करने के बाद अदालत इस नतीजे पर पहुँची है कि मरीज़ को एक महीने के कड़े से कड़े प्लास्टर लगाने की सज़ा दी जाए।



**व्यंग्य**

**अरण्यरोदन**

फिर मुजरिम के भेष में मरीज़ की असली गुहार शुरू होती है - डॉक साहब, 10 दिन का कर दीजिए... मेरी बच्चे की शादी है... भात का काम है... लड़की देखने आने वाले हैं... मेरे घर में तो कोई काम करने वाला नहीं है... मेड की महीने भर से छुट्टी चल रही है... छुट्टियाँ इतने नहीं मिलेंगी... मेडिकल चाहिए होगा, आप बना देंगे क्या? अगर कोई सरकारी कर्मचारी होता है तो उसकी यहाँ बचाव की दलील सटीक प्रहार करती है - मैं कहता हूँ, मैं निजी चिकित्सक हूँ। मेरा मेडिकल चल जाए तो बना देता हूँ। नहीं, किसी सरकारी डॉक्टर से आपको सेटिंग रखनी चाहिए थी ना... कुछ लोग अपनी रसूख और ऊपर पहुँच का हवाला देते हुए जज साहब, यानी कि मुझ अभागे के निर्णय को बदलवाना चाहते हैं - साहब, पैसे भले ही डबल ले लो लेकिन पट्टा 10 दिन का कर दो... ऐसा पट्टा लगा दो जो 10 दिन में ठीक कर दे। फिर कुछ लोग अपनी तरीके से डॉक्टर को धमकी भी देते हैं - आपके फ़ैसले को दूसरी कोर्ट में चैलेंज किया जाएगा, जिसे हम सेकंड ओपिनियन कहते हैं। वे अपनी पैरवी खुद करते नज़र आते हैं, गूगल संविधान के दफाओं का हवाला देते हुए - डॉक साहब, इस फ्रैक्चर में तो क्रेप से काम चल जाएगा... आजकल रेडिमेड वाले प्लास्टर आते हैं... आप ये पुराने प्लास्टर-वलास्टर को लेकर ही चल रहे हैं।

फिर दूसरे हॉस्पिटल की कोर्ट में जज रूपी डॉक्टर द्वारा दिए गए निर्णय का हवाला - अरे डॉक्टर साहब, ऐसा ही फ्रैक्चर मेरे दोस्त को हुआ था फलाँ अस्पताल में, वहाँ तो प्लास्टर बोला ही नहीं, बस पाँच दिन की दवाई दी और ठीक।

खैर, यह तो रोज़ की हमारी ओ.पी.डी. (OPD) का दृश्य है, जिसके हम आदी हो चुके हैं। लेकिन ये महिला, जो आज प्लास्टर कक्ष में ज़िंदगी के सबसे बुरे दौर से गुज़र रही थी और डॉक्टर, अस्पताल स्टाफ तथा अटेंडेंट्स सभी को लताड़ रही थी – यह एक बिल्कुल ही अलग श्रेणी के रेयरेस्ट (rarest) प्राणियों में से है। जिसने प्लास्टर लगवाते समय तो कोई बहस नहीं की थी, लेकिन काटवाने के वक्त किसी दूसरे मरीज़ का लाइव प्लास्टर कटने का सीन देख लिया था, और इसी दहशत में चार बार मेरे अस्पताल से भाग चुकी है।

आज जब उसे पकड़कर लाया गया तो अटेंडेंट्स उसे सीधे ही प्लास्टर कक्ष में ले गए। ओ.पी.डी. भरी हुई थीज आपातकालीन स्थिति थीज कहीं कैदी छूट न जाए, इसलिए मैं यह भी नहीं कह पाया कि 'ओ.पी.डी. के बाद काटेंगे।' अटेंडेंट्स की मेहनत उनके चेहरों पर साफ़ नज़र आ रही थी – जैसे कोई मुज़रिम बड़ी मुश्किल से पकड़कर काबू में लाया गया हो। पूरे दृश्य की नज़ाकत को समझते हुए मैं अपनी कुर्सी से उठा और प्लास्टर कक्ष की ओर गया। वहां देखा कि महिला को उसके दो मजबूत रिश्तेदारों ने पकड़ रखा था। एक रिश्तेदार सिर के पास खड़ा था, महिला का सिर लगभग उल्टा करके इस भयानक दृश्य को उसे न दिखाने की कोशिश कर रहा था। महिला अपनी तीखी आवाज़ में चिल्ला रही थी, प्लास्टर काटने वाली मशीन चलाने वाले स्टाफ से इस यातना से मुक्ति दिलाने की विनती कर रही थी – और संभवतः मन ही मन प्लास्टर काटने वाले स्टाफ को जल्लाद मानकर गालियाँ भी दे रही होगी।

लेकिन स्टाफ भी इस हलचल भरे माहौल का अभ्यस्त था – और अनवरत अपने कार्य को अंजाम दे रहा था। अंततः, साम, दाम, दंड, भेद की नीति अपनाकर प्लास्टर काटा गया। साम के रूप में उसे प्लास्टर की इस कैद से मुक्त जीवन और खुली सांस वाले जीवन का महत्व समझाया गया। दाम के रूप में प्लास्टर काटने के लिए दिए गए शुल्क का वापस न मिलने की आर्थिक हानि का डर दिखाया गया। दंड के रूप में उसके बेटे ने उसे डराया कि अगली बार नहीं आएंगे, फिर भुगतते रहना इस प्लास्टर के साथ। और भेद के रूप में यह कहकर ब्लैकमेल किया गया कि अगर प्लास्टर ज़्यादा दिन रखा गया तो – गर्मी का समय है – पैर सड़ जाएगा।

खैर, जैसे-तैसे प्लास्टर काटा गया, और अटेंडेंट्स व अस्पताल स्टाफ के चेहरों पर राहत की मुस्कान आई। प्लास्टर कटते ही महिला बाहर जाकर ऑटो में बैठ गई। अटेंडेंट्स ही मरीज़ को फॉलो-अप (follow-up) दिखाने, क्रेप बैंडेज बाँधने आदि के निर्देश मुझसे लेते रहे। माहौल शांत हुआ तो बच्चे – जो अब तक पेरेंट्स की गोद में दुबके हुए थे – वापस मेरे वेटिंग रूम की कुर्सियों की गद्दियों से रूई निकालने में व्यस्त हो गए। कुछ मरीज़ जो इस दौरान सीन गुजर जाने की प्रतीक्षा में बाहर चले गए थे, वापस वेटिंग रूम में आ गए। बाहर कुछ खुसर-पुसर भी हो रही थी। एक मरीज़ कह रहा था – ये मशीन बहुत आवाज़ करती है, आजकल तो ऐसी मशीने आती हैं जो बिल्कुल आवाज़ नहीं करतीं। मैंने फलां हॉस्पिटल में देखा था। डॉक्टर साहब भी पुरानी धारवाली से ही काम चला रहे हैं, लेकिन फीस पूरी लेते हैं।

तो लब्बोलुआब यह है कि अगर आप भी कभी गुज़रे हैं प्लास्टर कटाई के इस खतरनाक मंज़र से, तो यह राम्कहाने आपको अपनी-सी लगेगी। फिलहाल, हम इतना ही कहेंगे – और भी ग़म हैं ज़माने में मोहब्बत के सिवाज कभी एक अदद प्लास्टर कटवा कर तो देखो यारो!

**-डॉ मुकेश असीमित**
**मेल आई डी-drmukeshaseemit@gmail.com**

## कविता

### संजीव-नी

ईश्वर ने दिखाई जो पगडंडियां चलते रहे।
रात भर गमों की सिसकियां सुनते रहे
बिस्तर पर करवटों की लोरियां सुनते रहेद्य
जिंदगी भर पाया जिनसे प्यार और ममता
प्यार से पालो पोषो बेटी पराई सुनते रहे।

आज भी ढूंढते हैं आजादी का अम्बर
काट कर फेंकेंगे सारी बेड़िया ढूंढते रहे।
शौक से बीती गमों और विरह की घड़ी
दुलार के स्वर की लहरियां सुनते रहे।

दिल के दरवाजे पर 1आकर हो गए मजबूर
बन रहीं टूटी फूटी खिड़किया सुनते रहे।
हमे कई दोराहे-चौराहे मिलते रहे संजीव
ईश्वर ने दिखाई जो पगडंडियां चलते रहे।

**संजीव ठाकुर रायपुर छत्तीसगढ़,**

## लघुकथा

### बागवां

एक सामाजिक संस्था बाल मजदूरी रोकने में सहयोग करने वाले सदस्यों को सम्मानित करने जा रही थी। संस्था के दो सदस्य उस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में कमल किशोर जी को आमंत्रित करने उनके घर पहुँचे थे। कमलकिशोर जी कॉलेज में प्रोफेसर के पद पर कार्यरत होने के साथ-साथ सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेते रहते हैं। उन्होंने कार्यक्रम बारे बात की तो कमलकिशोर जी ने उनका निमंत्रण स्वीकार किया।तभी दस-बारह साल का एक लड़का चाय लेकर आया। उसके कपड़ों और पैरों में वीसेप की चप्पल देखकर लग रहा था कि वह लड़का उनका नौकर है। बस फिर क्या था! संस्था के सदस्य भड़क गए-'' यह क्या साहब! क्या आपको भी बताना पड़ेगा कि यह सब बाल-मजदूरी के अन्तर्गत आता है। ''मालूम है।'' संक्षिप्त-सा जवाब दिया उन्होंने। ''फिर भी,'' '' हाँ।'' ''क्यों,''''क्योंकि इसके घर कमाने वाला कोई नहीं है। इसकी माँ है, वह भी मजदूरी करती है। अभी वह किसी के घर काम करने गई हैं '' ''पर यह तो सरेआम बाल-मजदूरी है......चलो जी।'' वे उठकर जाने लगे। वे जाते उससे पहले लड़का बोल पड़ा- ''अंकलजी! आप सही कह रहे हैं ,यह बाल मजदूरी है,पर क्या आप यह जानते हो कि बाबू जी ने हमारे लिए कितना कुछ करते हैं ? मैं और मेरी माँ यहीं बाबू जी के क्वार्टर में रहते हैं। इन्होंने मुझे स्कूल में दाखिल करवा रखा है। बाबू जी कहते हैं कि बेटा खूब पढ़ो और पढ़-लिखकर उन बच्चों को भी पढ़ाओ जो किसी भी वजह से पढ़ नहीं पा रहे हैं। पढ़ाई ही वो रास्ता है जो हर समस्या का समाधान करती है। और अंकल जी यदि मैं बाबू जी के लिए छोटे-मोटे काम कर भी देता हूँ तो इसमें गलत भी क्या है, क्या हम अपने घर में काम नहीं करते।'' अब संस्था के सदस्य निरुतर थे।

**राधेश्याम भारतीय**
**नसीब विहार कालोनी घरौंडा करनाल**

## व्यापार....व्यवसाय....व्यापार....व्यवसाय....व्यापार....व्यवसाय....व्यापार....व्यवसाय....व्यापार....

# शेयर बाजार तेजी के साथ बंद

**मुम्बई ।** भारतीय शेयर बाजार गुरुवार को बढ़त पर बंद हुआ। बाजार में ये तेजी दुनिया भर के बाजारों से मिलेजुले संकेतों के बाद भी खरीदारी हावी रहने से आई है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई संसेक्स 443 अंक बढ़कर 81,442.04 अंकों के स्तर पर बंद हुआ, जबकि 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 130 अंक बढ़कर 24,750.90 अंकों के स्तर पर बंद हुआ। वहीं मिडकैप शेयरों की बात करें तो आज उतार-चढ़ाव रहा। निफ्टी मिडकैप 101 अंक की बढ़त के साथ 16,296.65 अंक पर बंद हुआ।




आज कारोबार के दौरान सबसे अधिक लाभ वाले शेयर हिंद जिंक, ग्लेनमार्क और एलटी फाइनेंस रहे। इनमें 5.04 फीसदी, 4.76 फीसदी और 4.65 फीसदी की बढ़त रही। । एंजल वन और सीडीएसएल के शेयरों में भी 4.57 फीसदी और 4.56 फीसदी की तेजी रही। दूसरी ओर आरबीएल बैंक, हुडको, सोना बीएलडब्ल्यू, फेडरल बैंक और डिक्सन टेक्नोलॉजी के शेयरों में 2.63 फीसदी, 2.26 फीसदी, 1.85 फीसदी, 1.85 फीसदी और 1.75 फीसदी की गिरावट रही और ये सबसे अधिक नुकसान वाले शेयर रहे। शेयर बाजार में तेजी का कारण भारतीय रिजर्व बैंक के रिपो रेट में कटौती करने की उम्मीदें है। जिससे निवेशक उत्साहित हैं। इसके अलावा, अमेरिका की अर्थव्यवस्था में मंदी के संकेत और कमजोर डॉलर के कारण विदेशी निवेश भारत की ओर रुख कर सकते हैं। भारत-अमेरिका के व्यापार समझौते की संभावना और रुपये की मजबूती से भी बाजार ऊपर आया है। इससे पहले आज सुबह बाजार गुरुवार को मामूली बढ़त के साथ खुले। सेंसेक्स 150 से ज्यादा अंक चढ़कर 81,196.08 पर खुला। हालांकि, खुलने के कुछ ही मिनटों में यह फिसल गया। सुबह की शुरुआत में सेंसेक्स 98.52 अंक चढ़कर 81,096.77 पर कारोबार कर रहा था। इसी तरह निफ्टी-50 भी मामूली बढ़त के साथ 24,691.20 पर खुला। सुबह शुरुआत में यह 43.45 अंक की मामूली बढ़त लेकर 24,663 पर कारोबार कर रहा था। वहीं दुनिया भर के बाजारों की बात करें तो ए?शियाई बाजार- एशियाई बाजारों में गुरुवार को मिलाजुला कारोबार हुआ। अमेरिका में निजी क्षेत्र की भर्ती के कमजोर आंकड़ों ने दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था पर व्यापार नीति की अनिश्चितता के प्रभाव को लेकर चिंताएं बढ़ा दी हैं। जापान का निक्केई इंडेक्स गिरावट में था।




## रुपया बढ़त पर बंद

**मुंबई ।** ?अमेरिकी डॉलर के मुकाबले गुरुवार को भारतीय रुपया पांच पैसे की बढ़त के साथ ही 85.82 रुपये पर बंद हुआ। विदेशी बाजार में डॉलर की मांग बढ़ने की वजह से रुपया गुरुवार को शुरुआती कारोबार में नौ पैसे टूटकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 85.96 पर आ गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि डॉलर की बढ़ती मांग और निवेशकों के भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति बैठक के परिणाम से पहले सतर्क होने का दबाव भारतीय मुद्रा पर पड़ा। आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने अपना तीन दिवसीय मंथन शुरू कर दिया है जिसके परिणाम छह जून को घोषित किए जाएंगे। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 85.86 प्रति डॉलर पर खुला। शुरुआती कारोबार में अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 85.96 पर आ गया जो पिछले बंद भाव से नौ पैसे की बढ़त दर्शाता है। रुपया बुधवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 85.87 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दिखाने वाला डॉलर सूचकांक 0.07 फीसदी की बढ़त के साथ 98.85 पर रहा।

## चेन हडसन बे के कनाडा में अपने सभी 80 डिपार्टमेंटल स्टोर्स बंद

**नई दिल्ली ।** कनाडा की सबसे पुरानी और प्रतिष्ठित रिटेल चेन हडसन बे कंपनी ने कनाडा में अपने सभी 80 डिपार्टमेंटल स्टोर्स बंद कर दिए हैं। कुछ ही हफ्ते पहले कंपनी ने अपनी स्थापना की 355वीं वर्षगांठ मनाई थी। यह कंपनी कनाडा की आखिरी पारंपरिक डिपार्टमेंटल स्टोर श्रृंखला थी लेकिन भारी कर्ज के चलते कंपनी की हालत लगातार बिगड़ती गई और हाल ही में इसे दिवालिया घोषित कर दिया गया। वर्ष 1670 में ब्रिटेन ने इस कंपनी की स्थापना फर व्यापार के लिए की थी और इसे कनाडा के एक-तिहाई हिस्से के बराबर जमीन दी थी। हडसन बे कंपनी सिर्फ एक स्टोर नहीं, बल्कि कनाडा की सांस्कृतिक पहचान का हिस्सा रही है. यह कंपनी कनाडा की आखिरी पारंपरिक डिपार्टमेंटल स्टोर श्रृंखला थी। कंपनी ने 89 फीसदी कर्मचारियों की छंटनी कर दी है। 2006 में एचबीसी को अमेरिकी व्यवसायी जेरी जकर ने 1.1 बिलियन अमेरिकी डॉलर में खरीदा था। 2008 में एनआरडीसी इक्विटी पार्टनर्स ने इसे अधिग्रहित किया, जो सैक्स फिफ्थ एवेन्यू के भी मालिक थे। मार्च 2025 में एचबीसी ने कनाडा के कंपनी क्रेडिटर्स अरेंजमेंट एक्ट के तहत क्रेडिटर प्रोटेक्शन के लिए आवेदन किया और अपने 80 हडसन बे स्टोर, तीन सैक्स, और 13 सैक्स ऑफ 5 स्टोर को बंद करने की प्रक्रिया शुरू की।

## सोना हुआ सस्ता, 1 लाख के पार पंहुची चांदी

**नई दिल्ली ।** सोने के भाव में गुरुवार को शुरुआत में नरमी, जबकि चांदी भाव तेजी के साथ कारोबार देखा गया है। घरेलू बाजार में गुरुवार को सोने के भाव 98,500 रुपये, जबकि चांदी के भाव 1,01,600 रुपये के करीब कारोबार कर रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना गिरावट और चांदी तेजी के साथ कारोबार कर रही है। सोने के वायदा भाव की शुरुआत गिरावट के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क जून कॉन्ट्रेक्ट 123 रुपये की गिरावट के साथ 98,456 रुपये के भाव पर खुला।



पिछला बंद भाव 98,579 रुपये था। इस समय यह 64 रुपये की गिरावट के साथ 98,515 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। चांदी के वायदा भाव की शुरुआत तेज रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क मई कॉन्ट्रेक्ट 119 रुपये की तेजी के साथ 1,01,499 रुपये पर खुला। पिछला बंद भाव 1,01,380 रुपये था। इस समय यह कॉन्ट्रैक्ट 259 रुपये की तेजी के साथ 1,01,639 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने के वायदा गिरावट के साथ और चांदी के भाव तेजी के साथ कारोबार कर रहे हैं। कॉमेक्स पर सोना 3,398 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 3,399.20 डॉलर प्रति औंस था। इस समय यह 5.70 डॉलर की गिरावट के साथ 3,393.50 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। सोने के वायदा भाव ने इस साल 3,509.90 डॉलर के भाव पर ऑल टाइम हाई छू लिया है।

# मुझे कम कपड़े पहने लड़की अच्छी नहीं लगती, मैं उसे सेल्फी लेने से मना कर देता हूं....

## अपने भाषणों से हमेशा सुर्खियों में रहने वाले कैलाश विजयवर्गीय फिर सुर्खियों में

**इन्दौर ।** अपने बयानों, भाषणों और वक्तव्यों को लेकर हमेशा सुर्खियों में रहने वाले केबिनेट मंत्री और इन्दौर विधानसभा क्षेत्र क्रमांक एक से विधायक कैलाश विजयवर्गीय का भाषण एक बार फिर सुर्खियों में है।



कैलाश विजयवर्गीय ने अपने भाषण में कहा कि उनको कम कपड़े पहनने वाली लड़कियां अच्छी नहीं लगती हैं। केबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने इंदौर के नेहरू पार्क स्थित सिंदूर वाटिका में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान अपने भाषण में उक्त बात कही। यही नहीं उन्होंने अन्य नेताओं तथा अफसरों की कार्य प्रणाली पर भी चर्चा करते उनसे सीखने की इच्छा अपने भाषण में जताई। सिंदूर वाटिका में आयोजित इस पौधारोपण के कार्यक्रम में कैलाश विजयवर्गीय के साथ महापौर पुष्यमित्र भार्गव भी थे उन्होंने एक पेड़ मां के नाम अभियान की शुरुआत की। कार्यक्रम में मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने अपने भाषण में भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा के भाषण पर कहा कि सुमित ने आज बोला कि आज मेरी जिंदगी का सबसे छोटा भाषण है। बहुत सुंदर भाषण दिया है। हमेशा छोटा भाषण देना चाहिए। एक पाश्चात कहावत है, जो अच्छी नहीं है। विदेशों में इस कहावत की चर्चा होती है। हमारे यहां क्या है कि अच्छा पहने लड़की, अच्छा श्रृंगार करें, खूब अच्छे गहने पहने, सुंदर कपड़े पहने। उसे बहुत अच्छा मानते हैं लेकिन विदेश में जो कम कपड़े पहनती हैं उसको अच्छा मानते है। ये उनकी सोच है। ऐसा कहते हैं कि कम कपड़े पहनने वाली लड़की, जिस प्रकार सुंदर होती है। उसी प्रकार कम भाषण देने वाला नेता भी बहुत बढ़िया होता है। ऐसी ये कहावत है विदेश में। मैं इसका पालन नहीं करता हूं। मैं तो इसको नहीं मानता हूं। मैं तो ये मानता हूं कि हमारे यहां महिलाएं देवी का स्वरूप हैं, खूब अच्छे कपड़े पहने। मुझे तो कम कपड़े वाली अच्छी नहीं लगती हैं। कई बार सेल्फी लेने आती हैं तो मैं कहता हूं कि बेटा अच्छे कपड़े पहनकर आना फिर सेल्फी खिंचवाना।

मैं सेल्फी के लिए मना कर देता हूं। कैलाश विजयवर्गीय ने इसके साथ ही कमिश्नर की काम करने की स्टाइल बताते हुए अपने भाषण में कहा कि हमारे कमिश्नर साहब से भी सीखता हूं। मगर मैं पालन नहीं कर पा रहा हूं। फोन करों तो जी सर, यस सर काम हो या नहीं, पर हां तो कर ही देंगे। मुझसे ये हो नहीं रहा हैं, मैं भी ये सीखना चाहता हूं कि मैं भी ऐसा करूं। भाई ये काम करना, यस कर देंगे सर...। ये सीखने की कोशिश कर रहा हूं। सीख गया तो इनको धन्यवाद दूंगा।

### तेंदुए को अज्ञात बहन ने टक्कर मार दी



बड़वानी के कसरावद बायपास रोड पर जलसा होटल के आगे अभी एक तेंदुए को अज्ञात बहन ने टक्कर मार दी जिससे घटनास्थल पर ही तेंदुए की मौत हो गई वन विभाग द्वारा अभी उसे पोस्टमार्टम हेतु ले जाया गया ज्ञात है कि जिले में अज्ञात जानवरों के काटने और मरने से 6 लोगों की पूर्व में ही मौत हो चुकी है ज्ञात है कि क्षेत्र में अब जंगली जानवरों का जाल फैलता जा रहा है और वन विभाग निष्क्रिय होते जा रहा है।

## ऑनलाइन सट्टा संचालित करने वाला मुख्य आरोपी राजेश जैन गिरफ्तार

**इंदौर ।** शहर में ऑनलाइन जुआ, सट्टा एवं अवैधानिक गतिविधियां संचालित करने वाले आरोपियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही की है । इंदौर क्राइम ब्रांच टीम को मुखबिर द्वारा सूचना मिली थी कि संयोगितागंज क्षेत्र के ऊषागंज स्थित फ्लैट के सेकेंड फ्लोर में ऑनलाइन गेमिंग का सट्टा संचालित किया जा रहा है मुखबिर की सूचना पर क्राइम ब्रांच टीम के द्वारा कार्यवाही करते हुए मुख्य आरोपी राजेश जैन और उसके साथियों को गिरफ्तार किया है पूछताछ में आरोपी राजेश जैन ने बताया कि उनके द्वारा स्ध्दुट्ठ्ध के माध्यम ÷वरुण आनलाईन हब÷ बेवसाइट पर रुपयो पैसो से (हार-



जीत) का दाव लगाकर सट्टा खिलवाया जाता था, एवं आरोपियों ने बताया कि जिन ग्राहकों को सट्टा लगाना रहता था उनसे पेमेंट अलग-अलग बैंक खातों में प्राप्त करके उन्हें स्ध्दुट्ठ्ध भेजकर ÷वरुण आनलाईन हब÷ वेबसाईट की आईडी एवं पासवर्ड ग्राहकों को देते है एवं उस आईडी पर जितने रुपये उक्त व्यक्ति ने जमा किये हैं उसके पाईंट उनको उस आईडी पर देते है। जिसके बाद उक्त व्यक्ति ÷वरुण आनलाईन हब÷ वेबसाईट में उपलब्ध (24*7) गेम खोलकर हार-जीत का दाव लगाकर सट्टा खेलता था। आरोपियों के कब्जे से 29 मोबाइल, 1 कंप्यूटर, 2 लैपटॉप,7 चेकबुक, 4 पासबुक, एटीएम कार्ड्स, एवं ऑनलाइन सट्टे के हिसाब किताब का करोड़ों रुपए का लेखा जोखा जप्त करके, आरोपियों के विरुद्ध थाना अपराध शाखा जिला इंदौर में गेमलिंग एक्ट के साथ विभिन्न धाराओं में अपराध पंजीबद्ध किया गया था।

### दो दोस्तों से मारपीट ,सब्जी की दुकान में तोड़फोड़

**इंदौर (नगर संवाददाता)।** लसूड़िया थाना क्षेत्र में लड़की भगाने का आरोप लगाकर आरोपियों ने दो दोस्तों पर हमला कर मारपीट कर दी और एक की सब्जी दुकान में तोड़फोड़ कर भाग निकले। पुलिस के मुताबिक फरियादी राज कुशवाह पिता राधेश्याम कुशवाह निवासी मालवा कालेज के पास बायपास की शिकायत पर विकास रघुवंशी व अन्य के खिलाफ केस दर्ज किया गया हैं। फरियादी ने पुलिस को बताया कि कुछ व्यक्ति मेरी सब्जी दुकान पर आये और मुझसे पूछने लगे की यह कार तुम्हारी है तब मैने बोला की हां यह कार मेरी है । तब वह लोग बोले की तू इस कार से लड़की भगाकर लाया है तब मैने बोला कि हम लोग किसी लडकी को भगाकर नही लाये तो वह लोग मेरे व मेरे साथी दीपक व करण को गालियां देने लगे और मेरे साथ मारपीट करने लगे उनमे से एक व्यक्ति बोल रहा था।

## अष्टांग आयुर्वेद हॉस्पिटल में विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधारोपण

**इंदौर (मनीष शर्मा)।** 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस पर मध्य प्रदेश शासन के निर्देश अनुसार लोकमान्य नगर स्थित अष्टांग आयुर्वेद कॉलेज एवं अस्पताल में पौधारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प एक पेड़ मां के नाम की भी सभी को जानकारी दी गई।




इस अवसर पर डॉ पी सी दुबे सेवानिवृत्त, प्रधान मुख्य वन संरक्षक मध्य प्रदेश शासन, रजनीश श्रीवास्तव पूर्व डिप्टी कमिश्नर इंदौर, धनंजय सिंह एसडीएम फॉरेस्ट विभाग उपस्थित रहे। प्राचार्य डा अजीत पाल सिंह चौहान ने बताया कि कॉलेज में एक बड़ा औषधि गार्डन है जहां पर अनेक प्रकार के औषधीय एवं मरीजों की बीमारियों में काम आने वाले पौधे लगे हुए हैं। इस अवसर पर महाविद्यालय एवं चिकित्सालय के चिकित्सक, शिक्षक एवं छात्रों ने मिलकर पौधारोपण किया। डॉक्टर अखलेश भार्गव ने बताया कि आज के समय में तापमान में बढ़ती हुई वृद्धि एवं वर्षा के अवसर बढाने के लिए हमें अधिक से अधिक पेड़ लगाना चाहिए। हमारे हॉस्पिटल में मरीज के बीमारियों में काम में आने वाले अनेक प्रकार के पौधे उपलब्ध हैं। जिसमें वन विभाग के द्वारा आम जनता को बांटे जा रहे हैं। इस अवसर पर पौधों के फायदे के बारे में महाविद्यालय के चिकित्सकों द्वारा बताया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय में पर्यावरण संरक्षण के लिए शपथ भी ली गई तथा भविष्य में अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनको संरक्षित रखने पर विचार भी किया गया। आज वर्तमान परिस्थितियों को देखने पर हमें वृक्षारोपण का महत्व समझ में आ रहा है और समाज का हर व्यक्ति इसके लिए जागरुक है।

### विश्वविद्यालय का कर्मचारी 22 लाख की धोखाधड़ी में गिरफ्तार



**इंदौर ।** देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के कर्मचारी लखन कायत को नागदा पुलिस ने भा. द. वि. की धारा 420, 467, 468 के तहत फिजिकल एजुकेशन विभाग से गिरफ्तार किया। लखन कायत द्वारा नागदा निवासी इमरान से 22 लख रुपए लेकर जमीन के धोखाधड़ी के मामले में उसका भाई संजीव कायत, पिता राम प्रसाद कायत, माता सायरा बाई कायत को भी पुलिस नागदा ने कूट रचित दस्तावेजों को तैयार करने के मामले में आरोपी बनाया है।

## परिजनों ने जताई सोनम के अपहरण की आशंका

### सीबीआई से जांच की मांग

**इंदौर (नगर संवाददाता)।** साकार नगर निवासी राजा रघुवंशी और उनकी पत्नी सोनम के शिलांग में लापता होने के बाद पुलिस ने जब दोनों की तलाश की तो राजा का शव मिला। मामले में पुलिस ने अज्ञात आरोपियों पर हत्या का केस दर्ज किया है। वहीं सोनम की तलाश की जा रही है, लेकिन गुरुवार रात समाचार लिखे जाने तक सोनम का पता नहीं चल सका था। उधर, इस मामले में परिजनों ने सोनम के अपहरण की आशंका जताई है। वहीं सीबीआई जांच की मांग की है। घटना स्थल के आसपास के लोगों ने राजा के भाई को बताया था कि यहां आने वाले युगल के साथ अक्सर इस तरह की घटनाएं होती रहती हैं कि लड़के से तो मारपीट कर या हत्या कर दी जाती है और लड़की को बांग्लादेश ले जाते हैं। इसके आधार पर राजा और सोनम के परिजन अब मामले की जांच सीबीआई से करने की मांग कर रहे हैं। राजा का शव मिलने और हत्या का केस दर्ज होने के बाद अब एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, एसआरटी,एफईएस,विशेष जांच दल ,एसआईटी सोनम की तलाश में जुटी है। टीम को जांच के दौरान एक रक्त रंजित जैकेट भी मिली है जिसके बारे में परिजनों का कहना है कि वह सोनम की नहीं है। राजा के भाई विपिन ने राजा की अपहरण के बाद हत्या की आशंका जताते हुए सीबीआई जांच की मांग की है। विपिन ने बताया. ऐसा सुना है कि यहां जो नए कपल घूमने आते हैं।

## 8 माह की मासूम की हत्या में मां गिरफ्तार

### पानी की टंकी में डूबने से हुई थी बच्ची की मौत

**इंदौर (नगर संवाददाता)।** द्वारकापुरी इलाके में पानी की टंकी में 8 माह की बच्ची मायरा की डूबने से हुई मौत के मामले में पुलिस ने जांच शुरू की। बच्ची का शव मिलने बाद उसकी मां संदेह के घेरे में थी। टंकी का ढक्कन बंद होने के बाद बच्ची खुद उसमें नहीं गिर सकती थी।

पुलिस ने बच्ची की मां वर्षा चौहान से देर रात तक कड़ी पूछताछ की तो उसने कबूला कि सास मेरी बेटी को मुझे नहीं देती थी इसीलिए मैने ही उसे टंकी में फैंककर उसका ढक्कन लगाकर मोटर रख दी थी। पुलिस ने वर्षा चौहान के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

प्रजापत नगर में अविनाश चौहान की 8 माह की बच्ची मायरा का शव घर की पानी की टंकी में मिला था। बच्ची अचानक गायब हो गई थी तभी उसकी मां ने शोर मचाकर कहा था कि मायरा नहीं मिल रही है। काफी देर तक पड़ोसियों के साथ बच्ची को तलाशा लेकिन वह घर की पानी की टंकी में मिली,उसकी मौत हो चुकी थी। सूचना बाद द्वारकापुरी पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू की,पूछताछ में पता चला कि मायरा की मां वर्षा चौहान ने एक हफ्ते पहले भी बच्ची को जमीन पर पटक दिया था। उसके भूलने और गुस्से की आदत के कारण सास उसे मायरा को गोद में नहीं लेने देती थी। अक्सर इसी बात को लेकर विवाद होता रहता था। वर्षा के बारे में पता चला कि अविनाश से उसकी दूसरी शादी थी,उसकी भूलने की आदत और गुस्से की आदत के कारण पहले पति ने उससे संबंध तोड़ लिए थे इसके बाद अविनाश से उसकी शादी हुई थी। उसकी इन्हीं आदतों के कारण मायरा का जन्म हुआ तो सास ने बच्ची को उससे दूर रखना शुरू कर दिया। इस बात को लेकर सास और बहू के बीच अक्सर विवाद होते रहते थे।

पुलिस पूछताछ में आरोपी वर्षा चौहान ने बताया कि बच्ची को टंकी में फैंकने के बाद उसने खुद ही शोर मचाया कि वह मिल नहीं रही है। उसके बाद परिजन और अन्य लोगों के साथ भी वह उसे तलाशने का नाटक करती रही। परिजन उसकी भूलने और गुस्से की आदत जानते थे तब उन्होंने पानी की टंकी का ढक्कन खोला तो मायरा का शव उसमें मिला। पुलिस का कहना है कि वर्षा चौहान को उसकी बेटी की हत्या के आरोप में गिरफ्तार कर लिया है।

## मोदी सरकार के कामकाज घर-घर तक पहुंचाना है : जिलाध्यक्ष उपाध्याय



**रतलाम।** देश प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व मे भाजपा सरकार ने ऐतिहासिक कार्य किए किए है। धारा 370 हो, राम मंदिर निर्माण करने या पाकिस्तान को सबक सिखाने का काम हो, सभी कामों से मोदी सरकार ने देश का गौरव बढ़ाया है। मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा सरकार के 11 वर्ष पूरे हो रहे है और पार्टी इस मौके पर संकल्प से सिद्धि तक कार्यक्रम दिया है। इस कार्यक्रम के माध्यम से मोदी सरकार के कामकाज घर-घर तक पहुंचाना है। यह बात भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय ने रंगोली में आयोजित जिला स्तरीय कामकाजी बैठक को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि आगामी दिनों मे भाजपा के प्रदेश नेतृत्व मे संकल्प से सिद्धि कार्यक्रम के साथ योग दिवस, पर्यावरण दिवस, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस एवं जयंती तथा आपातकाल दिवस आदि कार्यक्रम भी दिए है, जिन्हे सबको सफल बनाना है। एक पैड़ मॉ के नाम अभियान के तहत् हर मंडल मे पौधा रोपण होगा और लोकतंत्र रक्षक सैनानियों का सम्मान भी किया जायेगा। मन की बात कार्यक्रम को भी अधिक से अधिक लोगो तक पहुंचाए। श्री उपाध्याय ने इस मौके पर मन की बात कार्यक्रम मे 100 प्रतिशत उपलब्धि वाले 7 मंडलों का सम्मान भी किया। आजीवन सहयोग निधि का कार्य समय पर पूर्ण होने पर प्रभारी का भी सम्मान किया। जिला प्रभारी प्रदीप पाण्डेय ने मार्गदर्शन देते हुए मंडल अध्यक्ष से सीधा संवाद किया और भाजपा के कार्यक्रम पंचनिष्ठा के साथ करने पर बल दिया। इसके पूर्व आगामी कार्यक्रमों जिला टोली के प्रभारी प्रदीप चौधरी, अनुज शर्मा, जयवंत कोठारी, सुनील सारस्वत, लाल बहादुर पाटीदार आदि ने विभिन्न आयोजनों की जानकारी दी। इस दौरान, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य आशा मौर्य , निमिष व्यास, निगम अध्यक्ष मनीशा शर्मा भी मंचासीन रहे। आरंभ मे आयुष सांखला ने गीत प्रस्तुत किया। बैठक का संचालन जिला महामंत्री निर्मल कटारिया ने किया। आभार जिला महामंत्री संगीता चारेल ने माना। इस दौरान भाजपा प्रदेश, जिला, मंडल, मोर्चा एवं प्रकोष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहें।

## श्री माहेश्वरी समाज रामोला मण्डल परिजनों ने महेश नवमी उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया



**रतलाम।** श्री माहेश्वरी उत्पत्ति दिवस 4 जून, महेश नवमी के पावन पर्व को श्री माहेश्वरी समाज रामोला मंडल परिजनों द्वारा हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस पावन पर्व पर प्रातः श्री रामोला मंदिर पर भगवान शंकर एवं श्रीराम दरबार के दर्शन कर भजन आरती का आयोजन किया। राधावल्लभ बद्रीनारायण राठी की पावन स्मृति में नवल किशोर श्याम सुंदर राठी परिवार द्वारा रामोला मंदिर के शिखर निर्माण हेतु1,11111 सहयोग राशि भेट की गई। तत्पश्चात मेडिकल कॉलेज रतलाम परिसर में पौधारोपण का कार्यक्रम रखा गया। इस अवसर पर मेडिकल कॉलेज की डीन डॉ अनीता मुथा ने चन्दन का पौधा लगाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया तदोपरांत माहेश्वरी समाज रामोला मण्डल परिजनों ने नीम, शीशम, पारस पीपल, बेहड़ा, बरगद,पीपल आदि के 54 पौधों का रोपण किया। रामोला ट्रस्ट के अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण मालपानी द्वारा डीन मैडम का अभिनंदन करके स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। कार्यक्रम में माहेश्वरी समाज रामोला मण्डल के वरिष्ठ रामेश्वरलाल बाहेती, जगदीश सोनी की विशेष उपस्थिति के साथ रामोला ट्रस्ट परिवार के सभी सदस्यों की उपस्थिति एवं सक्रियता सराहनीय रही। शाम के सत्र में महिलाओं बच्चों के विभिन्न खेल और मनोरंजन प्रोग्राम, मंडल परिजनों के पढ़ाई करने वाले सभी बच्चों के साथ विशिष्ट उपलब्धियो को भी विशिष्ठ सम्मान से सम्मानित किया गया। इस प्रकार बहुत ही उत्साहपूर्ण वातावरण में पूरा दिन उत्सव के रूप में दोनों समय के भोजन का भी सभी ने मिलजुलकर खूब आनंद लिया। सभी कार्यक्रमों में युवा वर्ग की पूर्ण सहभागिता रही।

## रेलवे पेंशनर्स एसोसिएश ने महाप्रबंधक का स्वागत कर सम्मान किया

**रतलाम।** पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक अशोक कुमार मिश्र के रतलाम प्रवास के दौरान मण्डल रेल प्रबंधक कार्यालय के समिति कक्ष परऑल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन से संबंध, ऑल इंडिया रिटायर्ड पेंशनर वेलफेयर फेडरेशन वेस्टर्न रेलवे रतलाम मंडल द्वारा पुष्पहार, शांल एवं संगठन की। सोविनर की प्रति प्रदान कर स्वागत कर सम्मान किया।जातव्य है कि श्री मिश्र 30 जून को रेल सेवा से सेवानिवृत हो रहे है। श्री व्यास ने रेल प्रशासन और चिकित्सा प्रशासन द्वारा पेंशनरों को रेलवे चिकित्सालय में विभिन्न बीमारियों के सुपर स्पेशलिस्ट चिकित्सक प्रतिदिन उपलब्ध कराए जाने पर महाप्रबंधक जी का आभार व्यक्त किया। महाप्रबंधक जी ने कहा कि अब सेवानिवृत्ति के बाद में भी पेंशनर हो जाऊंगा। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक अश्विनी कुमार, अपर मंडल रेल प्रबंधक अशफाक अहमद, वरिष्ठ मंडल धार्मिक अधिकारी श्रीमती गरिमा भटनागर एवं एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रकाश चंद्र व्यास सदस्य यू एल जायसवाल, सुधीरकांत दुबे, रामविलास, नरेंद्रसिंह परमार, सत्यनारायण पटेरिया आदि उपस्थित थे।

## प्रशिक्षणार्थियों को यातायात से संबंधित जानकारी प्रदान की

**रतलाम।** नेट स्पेस स्कील्स एकेडमी, स्कील्स वेंचर प्राइवेट लिमिटेड और जय कैला माता शैक्षणिक एवं सामाजिक कल्याण समिति रतलाम के संयुक्त प्रयासों से ग्रामीण से आ रहें प्रशिक्षणार्थियों को ट्राफिक सुबेदार अनोखीलाल परमार द्वारा सड़क दुघर्टना अधिक क्यों हो रही हैं। इस समस्या पर प्रकाश डाला। ग्रामीण प्रशिक्षणार्थियों के विचार सुने। उनके सवालों के जवाब भी दिए।नाबालिक बच्चों को गाड़ी नहीं दें। गाड़ी का इंश्योरेंस करायें। बिना लाइसेंस के गाड़ी ना चलायें। वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग ना करें। शराब पीकर गाड़ी ना चलायें। इस अवसर पर प्रधान आरक्षक धीरेन्द्र दीक्षित एवं नरेन्द्र चौरे , संस्था संचालक रौनक जैन, मास्टर ट्रेनर अरविंद भाटी, स्टाफ राखी सेन, रिफाकत अंसारी, शशांक सिंह चौहान,भूमित सोनी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन और आभार पं. विजय शर्मा द्वारा किया गया।

# रतलाम प्रेस क्लब का सामाजिक सरोकार

## बालिका शिक्षा और बालविवाह से जागरूकता के लिए दिखाई फिल्म

**रतलाम।**

सामाजिक सरोकार की दिशा में एक और कदम बढ़ाते हुए रतलाम प्रेस क्लब द्वारा बालिका शिक्षा को प्रोत्साहन और बाल विवाह के विरोध में जनजागरण के उद्देश्य से बनी फिल्म टेक्निकल टीचर'' का भव्य प्रीमियर शो आयोजित किया गया।

यह फिल्म ईशान फिल्म प्रोडक्शन के बैनर तले बनी है, जिसमें रतलाम प्रेस क्लब मीडिया पार्टनर के रूप में जुड़ा है। आयोजन के दौरान रतलाम के एसपी अमित कुमार ,एएसपी राकेश खाका भा विशेष रूप से मौजूद थे।

रतलाम प्रेस क्लब के अध्यक्ष मुकेशपुरी गोस्वामी एवं सचिव यश शर्मा ने बताया कि संस्था ने अपने सामाजिक दायित्वों को सदैव भलिभांति निभाया है। इसी कड़ी में बालिका शिक्षा को प्रोत्साहित करने वाली फिल्म का भी निर्माण किया गया है।

एसपी अमित कुमार ने रतलाम प्रेस क्लब के प्रयासो को सार्थक बताते हुए कहा कि फिल्म के माध्यम से समाज में व्याप्त रूढ़ियों और बालिकाओं की शिक्षा में आ रही चुनौतियों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। उपस्थित दर्शकों ने फिल्म की विषयवस्तु की सराहना करते हुए कहा कि यह पहल निश्चित ही समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में प्रेरक सिद्ध होगी। इस अवसर पर फिल्म के निर्देशक हरीश दर्शन शर्मा और सभी कलाकार भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। पत्रकार और उनके परिजनों ने



फिल्म के आंनद लेने के साथ ही उसके संदेश को अधिक से अधिक प्रसारित कर सामाजिक सरोकार की दिशा में अपने संकल्प को भी दोहराया।

### स्थानीय कलाकारो ने ही निभाए किरदार

फिल्म टेक्निकल टीचर की कहानी गांव की एक बच्ची फुलवा और उसकी अंग्रेजी की शिक्षिका के इर्द गिर्द घुमती है। फिल्म की पटकथा में गांव में बालविवाह की रूढींवादी परंपरा का पालन, स्कूल छोडने पर मजबूर बच्चियां और सरकारी स्कूल की पढ़ाई व्यवस्था और तकनीक के उपयोग से परीक्षा परिणाम सुधारने की सुखद अंत के साथ समाप्त होती है। खास बात ये है कि फिल्म के कलाकारो से लगाकर फिल्म के सारे पात्र भी रतलाम जिले से ही लिए गए है। इस फिल्म की शुटिंग भी रतलाम शहर और जिले के नामली क्षेत्र के गांव बड़ौदा में की गई है।

### पुलिस ने निभाया धर्म

जिलें बालिका शिक्षा और बालविवाह के प्रति जागरूक करने का जो बीड़ी रतलाम प्रेस क्लब ने इशान फिल्म के माध्यम से उठाया है। उसमें पुलिस प्रशासन का भी भरपूर सहयोग भी मिल रहा है। रतलाम के एसपी ने प्रेस के इस प्रयास की भरपूर सराहना करते हुए हर संभव मदद की बात कही है। फिल्म के प्रीमियर के दौरान भी जहां एसपी अमित कुमार, एएसपी राकेश खाका, सीएसपी सत्येन्द्र घनघोरिया, ट्रेफिक डीएसपी आंनद सोनी, टीआई स्टेशन रोड़ स्वराज डाबी भी मौजूद रहे। प्रेस क्लब के अध्यक्ष मुकेशपुरी गोस्वामी, सचिव यश शर्मा एवं निर्देशक हरीश दर्शन शर्मा ने सभी का स्वागत किया।

**हरियाली है हमारी संस्कृति**

## विश्व पर्यावरण दिवस पर ब्रह्माकुमारीज़ सेवाकेंद्र में वृक्षारोपण एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**रतलाम।**

विश्व पर्यावरण दिवस के शुभ अवसर पर ब्रह्माकुमारीज़, रतलाम के दिव्य दर्शन भवन सेवाकेंद्र पर एक विशेष पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन में बड़ी संख्या में भाई-बहनों ने भाग लिया और एक पेड़ - मां के नाम विषय पर प्रेरणादायक संदेशों के साथ वृक्षारोपण किया।



सेवाकेंद्र संचालिका ब्रह्माकुमारी सविता दीदी ने अपने विचार साझा करते हुए कहा कि प्रकृति ईश्वर की अनुपम रचना है और उसका संरक्षण हमारी आध्यात्मिक जिम्मेदारी है। वृक्ष केवल पर्यावरण को संतुलित नहीं करते, बल्कि वे सकारात्मक ऊर्जा का स्त्रोत भी होते हैं। आज यदि पर्यावरण संकट में है, तो उसका कारण मनुष्य की इच्छाओं की अति है। हमें प्रकृति के साथ तालमेल बैठाते हुए जीवन जीना होगा, तभी सच्चा सुख संभव है। पेड़ लगाना केवल एक क्रिया नहीं, बल्कि यह एक संस्कार है जो हमारी आने वाली पीढ़ियों को एक सुंदर भविष्य देता है। हर व्यक्ति अपने जीवन में प्रत्येक वर्ष एक पेड़ अवश्य लगाए, और उस पेड़ को ऐसे पालें जैसे एक माँ अपने बच्चे को पालती है। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित सभी को प्रकृति के प्रति आभार, प्रेम और जिम्मेदारी की भावना से कार्य करने का आग्रह किया।

कार्यक्रम में डॉ. दिलीप नलगे जी ने एक पेड़ माँ के नाम विषय पर अपने भावपूर्ण विचार रखते हुए कहा माँ हमें जीवन देती है, और वृक्ष हमें जीवनदायिनी वायु। दोनों का स्थान पूज्य है। यदि हम हर वर्ष अपनी माँ के नाम एक पेड़ लगाएं, तो हम न केवल उनका सम्मान करते हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ हवा, छाया और हरियाली भी देते हैं। उन्होंने कहा कि आज प्रकृति का संतुलन बिगड़ रहा है, वर्षा चक्र असामान्य हो रहे हैं, तापमान बढ़ रहा है और इसका मुख्य कारण है पेड़ों की अंधाधुंध कटाई। ऐसे में हम सबकी ज़िम्मेदारी बनती है कि व्यक्तिगत स्तर पर पर्यावरण की रक्षा के लिए कदम उठाएं।

कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित भाई-बहनों ने एक पेड़ माँ के नाम विषय को आत्मसात करते हुए वृक्षारोपण किया और सामूहिक रूप से पर्यावरण रक्षा की प्रतिज्ञा ली तथा नारे भी लगाया गया।

### रविवार को होगा किसान सम्मेलन, आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक और कदम

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय रतलाम तथा कृषि एवं ग्राम विकास प्रभाग (आर.ई.आर.एफ.) के संयुक्त तत्वावधान में रविवार, 8 जून को रतलाम में एक भव्य किसान सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन दिव्य दर्शन भवन, डोंगरे नगर में प्रातः 10 बजे से आरंभ होगा।

## विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य संस्थाओ में पौधारोपण किया गया -डॉ. बेलसरे



**रतलाम।** विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून के अवसर पर सीएमएचओ कार्यालय पर प्लास्टिक मुक्त पर्यावरण बनाने संबंधी संकल्प कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संध्या बेलसरे, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ वर्षा कुरील, एपिडेमियोलॉजीस्ट डॉ गौरव बोरीवाल, डीपीएम डॉ प्रमोद प्रजापति, जिला लेखा प्रबंधक श्री सचिन वर्मा, मीडिया अधिकारी श्री आशीष चौरसिया, डिप्टी मीडिया अधिकारी श्रीमती सरला वर्मा, डीसीएम कमलेश मुवेल, डीईआईसी मैनेजर श्री मोहन कछावा, डाटा मैनेजर सुश्री श्वेता बागड़ी, श्री आनंदीलाल जैन, माला खराड़ी, सौरभ देवड़ा, अनस बेलीम, संदल राहोरी, गोविंद उत्तेरिया, हेमंत मकवाना, निलेश चौहान, दिनेश पाल , राकेश सिंह कुशवाह, आदि की उपस्थिति में पौधारोपण एवं कार्यालय को प्लास्टिक मुक्त बनाने का संकल्प लिया गया। रतलाम जिले के शासकीय स्वास्थ्य केंद्रों सिविल हॉस्पिटल आलोट में डॉक्टर देवेंद्र मोर्य और बीपीएम द्वारा आयुष्मान आरोग्य मंदिर बल्लीखेड़ा, पाटड़ी, चावड़ाखेड़ी में सी एच ओ रेखा कटारा, आशा सुपरवाइजर सुनिता भावर, आशा सीमा निनामा, शांति बाई निनामा, शांति गणावा,राजू बाई, मधु निनामा आदि द्वारा तथा सी एच ओ पूजा भाबर द्वारा गुडभेली में, आडवाणिया ब्लॉक सैलाना, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बाजना में बी पी एम और टीम द्वारा पी एच सी भोजाखेड़ी, सिविल हॉस्पिटल जावरा में प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ दीपक पालडिया, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद जावरा, एवं पार्षद गणों द्वारा हॉस्पिटल के गार्डन में पौधारोपण तथा स्वच्छता संबंधी गतिविधियां आयोजित की गई।

## 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान अंतर्गत कलेक्टर सहित अधिकारी/कर्मचारियों ने किया पौधारोपण

**रतलाम।** एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर कलेक्टर कार्यालय परिसर में कलेक्टर सहित अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा पौधारोपण किया गया। इस अभियान के तहत लोगों को अपनी माँ के प्रति प्यार, सम्मान और आदर के चिह्न के रूप में तथा पेड़ों और धरती मां की सुरक्षा की शपथ लेने के लिए, एक पेड़ लगाने हेतु प्रोत्साहित किया जाता है। इस अभियान का उद्देश्य, भू-क्षरण को रोकना और पर्यावरण को संरक्षित करना है। पर्यावरण दिवस पर कलेक्टोरेट परिसर में कलेक्टर श्री राजेश बाथम द्वारा पंचवटी का पौधारोपण किया गया। जिसमें बरगद, पीपल, नीम, आंवला, आम का पौधा तथा सभी अधिकारियों/कर्मचारियों के द्वारा सिंदुर, शीशम, कटहल, सहतुस, आवंला, आम, आदि के पौधे रोपे गए। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रृंगार श्रीवास्तव, डिप्टी कलेक्टर राधा महंत, आर्ची हरित, सहायक कार्यपालन अधिकारी निर्देशक शर्मा, डीपीसी धर्मेंद्र सिंह, जिला योजना अधिकारी बी के पाटीदार, त्रिलोकचंद्र वास्कले, पुरूषोत्तम सोमानी, अनिल सोनी सहित जन अभियान परिषद जिला समन्वय रत्नेश विजयवर्गीय, विकासखण्ड समन्वयक शैलेन्द्र सिंह सोलंकी, राजेश सोलंकी नवांकुर संस्था से ओमप्रकाश पाटीदार, जितेन्द्र राव, पंतजलि से विशाल वर्मा, राजेश चांदवानी, विजयेश राठौड आदि उपस्थित रहे।

## नेत्रदान कर मानवता की मिसाल बने नारायणलाल भटेवरा

**रतलाम।**

बिचलावास निवासी स्व. नारायणलाल भटेवरा के असामयिक निधन के उपरांत, उनके परिजनों ने एक अनुकरणीय एवं प्रेरणादायक निर्णय लेते हुए नेत्रदान (कॉर्निया दान) की स्वीकृति प्रदान की।



इस मानवीय कार्य की पहल नेत्रम संस्था के श्री ओमप्रकाश अग्रवाल द्वारा की गई, जिन्होंने शोकाकुल परिवार को नेत्रदान के लिए प्रेरित किया। स्व. भटेवरा के पुत्र नरेश भटेवरा, सुरेश भटेवरा एवं राकेश भटेवरा सहित समस्त परिजनों की सहमति के पश्चात, नेत्रम संस्था ने रतलाम मेडिकल कॉलेज की डीन डॉ. अनीता मुथा को इसकी सूचना दी।

डॉ. मुथा के निर्देशानुसार, नेत्र विभागाध्यक्ष डॉ. रिशेन्द्र सिसोदिया के नेतृत्व में नर्सिंग ऑफिसर विनोद कुशवाह एवं भावना खन्ना, तथा तुलसीराम खतीजा के सहयोग से नेत्र संग्रहण की प्रक्रिया सफलतापूर्वक संपन्न हुई।

टीम को भटेवरा निवास तक पहुँचाने एवं वापसी की व्यवस्था श्री शुशील (मीनु) माथुर द्वारा अपने निजी वाहन से की गई। इस नेक कार्य के दौरान नेत्रम संस्था के सदस्यगण - हेमन्त मूणत, नवनीत मेहता, ओमप्रकाश अग्रवाल, भगवान ढलवानी, गिरधारीलाल वर्धानी,सुशील(मीनु) माथुर राजेश दुबे, शिवम दशोत्तर, हितेश चूंडावत, पंकज दुबे एवं दुर्गेशपाल सिंह शमी - भी उपस्थित रहे।

नेत्रम संस्था ने भटेवरा परिवार के इस प्रेरणास्पद निर्णय के प्रति गहरा आभार व्यक्त करते हुए इसे समाज के लिए एक अनुकरणीय मिसाल बताया। यह नेत्रदान दो जरूरतमंदों को नई रोशनी देगा एवं समाज में नेत्रदान के प्रति जागरूकता को भी प्रोत्साहन मिलेगा।

# माहेश्वरी समाज नगर के नागरिकों के लिये बना स्वच्छता प्रेरणादायी

**रतलाम।**

महेश नवमी के पावन अवसर पर माहेश्वरी समाज द्वारा निकाली गई विशाल शोभा यात्रा के मार्गो पर स्वागत एवं जलपान हेतु लगाये गये पेयजल, छांछ, कुल्फी इत्यादि से निकलने वाले कचरे को सड़क पर ना डालते हुए समाज अध्यक्ष शैलेंद्र डागा के निर्देशन में गोविंद काकानी, पवन सोमानी, विजय माहेश्वरी सहित समाज जनों द्वारा नगर निगम के ई-रिक्शा कचरा संग्रहण वाहन में डालकर अन्य समाजजनों को नगर में स्वच्छता बनाये रखने का संदेश दिया।




पूर्व स्वास्थ्य समिति प्रभारी गोविन्द काकानी ने बताया कि महापौर प्रहलाद पटेल की मंशानुरूप व पूर्व महापौर एवं माहेश्वरी समाज अध्यक्ष शैलेन्द्र डागा, समाज पदाधिकारियों के निर्देशानुसार समाज के सेवाभावी सदस्यों के साथ मिलकर चल समारोह के स्वागत मार्गो पर स्वागत एवं जलपान हेतु लगाये गये स्टॉल से निकलने वाली पानी की बॉटल, कुल्फी व छांछ के पैकेट आदि को सड़क पर ना डालते हुए एकत्रित कर नगर निगम की ई-रिक्शा कचरा संग्रहण वाहन में डालने का यह सफल प्रयास गत चार-पांच वर्ष से शुरू किया गया है।

पूर्व महापौर परिषद सदस्य पवन सोमानी ने इस अवसर पर कहा कि यह शहर हमारा है इसे स्वच्छ रखना हम सभी का दायित्व है, अन्य समाजजन भी अपने चल समारोह, बारात इत्यादि में स्वागत एवं जलपान के स्टॉलो से निकलने वाले कचरे को सड़क पर ना डालते हुए उसे एकत्रित कर निगम के कचरा संग्रहण वाहन में ही डालें।

पूर्व महापौर एवं समाज अध्यक्ष शैलेंद्र डागा द्वारा पदाधिकारी एवं समाज के सभी परिवारों का स्वच्छता मिशन में सहयोग करने एवं समाज के भोज में झूठा ना छोडने एवं पानी बचाने का जो संकल्प लिया (लगभग 3000 लोगों की रसोई में मात्र एक थाली झूटन) उसे आज पूरा किया।

# आष्टा में चौथे दिन भी चली अतिक्रमण मुहिम

## देर रात तक अस्पताल के पीछे, बुधवारा मार्ग एसडीएम से बहस भी हुई

**आष्टा।** शहर में चौथे दिन भी अतिक्रमण जारी रही शाम 6 बजे से चली अतिक्रमण मुहिम रात 9 बजे तक चलती रही मुहिम ने इस दौरान अस्पताल के पीछे, बस स्टैंड , बुधवारा रोड ,परदेसी पुरा से लेकर राम मंदिर तक के अतिक्रमण हटाए मुहिम ने आज 15 गुमटियां और 110 के लगभग टिनसेट ओटले तोड़े गए। इस दौरान बुधवारा क्षेत्र में हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष कालू भट्ट से एसडीएम की बहस भी हुई।

बता दे कि शहर में अतिक्रमण मुहिम प्रशासन द्वारा चलाई जा रही है यह अतिक्रमण मुहिम एसडीएम स्वाती उपाध्याय मिश्रा, सीएमओ राजेश सक्सेना के नेतृत्व में चलाई जा रही है अतिक्रमण महिम चौथे दिन जब बुधवारा क्षेत्र में पहुंची तो यहां पर बड़ी संख्या में ओटले और टिन्सेट तोड़े गए इस दौरान चौरसिया टीवी सेंटर के पास हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष कालू भट्ट जब एसडीएम स्वाति उपाध्याय मिश्रा से बात करने पहुंचे तो दोनों के बीच काफी बहस हो गई यहां बहस पूरे शहर में चर्चा का विषय बन गई उसके बाद राम मंदिर के पास अतिक्रमण चलाई। राजेश सक्सेना ने बताया है कि अतिक्रमण मुहिम आगे भी निरंतर जारी रहेगी कल भी शाम 6~00 बजे बाद शहर में अतिक्रमण मुहिम चलेगी उन्होंने कहा है कि जहां-जहां शासकीय भूमि पर लोग अतिक्रमण कर रखा है वहां शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटा ले नहीं तो टीम हटा देगी।

### मैं तो बात करने गया था।

हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष कालू भट्ट ने कहा कि मैं तो गुमटियों के संबंध में बात करने गया था लेकिन मेरी बात सुनी ही नहीं मैं तो शहर में अतिक्रमण चल रही है उसके लिए प्रशासन से तारीफ की की दूसरी बार शहर में कितनी अच्छी मुहिम चल रही है आज मेरी गलती ही नहीं थी मैं जो बात कहने आया था वह सुनी ही नहीं। अतिक्रमण मुहिम के दौरान एसडीएम स्वाति उपाध्याय मिश्रा, एसडीओपी आकाश अमलकर,सीएमओ राजेश सक्सेना, तहसीलदार पंकज पवैया, थाना प्रभारी गिरीश दुबे सहित प्रशासनिक अमला पुलिस बल और नगर पालिका के कर्मचारी शामिल रहे।



### जनता को बात कहने और रखने का अधिकार

एसडीएम स्वाति उपाध्याय मिश्रा और हिंदू उत्सव समिति की अध्यक्ष कालू भट्ट के बीच हुई बहस के मामले में एसडीम स्वाति उपाध्याय मिश्रा ने कहा कि थोड़ा सा कम्युनिकेशन के कारण ऐसा हो गया था कालू भाई भी मेरे भाई जैसे हैं जनता को बात कहने और रखने का अधिकार है उन्होंने भी बात रखी थी और मुझे कुछ नहीं कहना।

### किसी के साथ भेदभाव नहीं होगा

इस मामले को लेकर जब विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर से बात की गई तो उन्होंने कहा कि मैं प्रशासन एसडीएम को निर्देशित करूंगा कि अतिक्रमण मुहिम निष्पक्ष चले भेदभाव ना हो।






## शा. उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मुल्थान के कैडेट्स ने वार्षिक एनसीसी कैंप में भाग लिया

**बदनावर (इंदौर समाचार)।** मुल्थान 21 मध्य प्रदेश बटालियन एनसीसी रतलाम द्वारा आयोजित एकलव्य आवासीय विद्यालय सैलाना में वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में कमान अधिकारी कर्नल संदीप अहलावत के नेतृत्व में संपन्न हुआ। जिसमें धार, झाबुआ, अलीराजपुर, रतलाम, मंदसौर जिलों से कुल 526 कैडेट सम्मिलित हुए। शिविर में प्रतिदिन प्रात 4~00 बजे जागरण के साथ कैडेट को सैन्य प्रशिक्षण का अभ्यास कराया गया। इसके साथ ही विभिन्न सामाजिक विषयों जैसे पर्यावरण जागरूकता,स्वास्थ्य, आपदा प्रबंधन, करियर काउंसलिंग, नशा मुक्ति अभियान, पुनीत सागर अभियान जैसे विभिन्न विषयों पर अतिथि द्वारा व्याख्यान दिए गए और विद्यार्थियों को मार्ग दर्शन किया गया। शासकीय उच्चतर माध्यमिक मुल्थान के 25 कैडेट द्वारा भी प्रशिक्षण लिया गया। बेस्ट हार्ड वर्क के लिए संस्था के तन्मय हारोड़ को कमान अधिकारी कर्नल संदीप अहलावत द्वारा पुरस्कार किया गया। शिविर में एनसीसी अधिकारी राकेश हारोड़ द्वारा योग प्रशिक्षण दिया गया।

## महावीर कीर्ति स्तंभ चौराहा से हाथों में 1008 फीट का तिरंगा लेकर निकला जनसैलाब

### इंदौर पहुंची नेमी गिरनार धर्म पदयात्रा के स्वागत में उमड़ पड़ा समाज, वर्द्धमानपुर शोध संस्थान बदनावर के लोग भी शामिल हुए

**बदनावर (ओम पाटोदी)।** भगवान नेमिनाथ स्वामी जी की जन्म स्थली शौरीपुर से निर्वाण स्थली श्री उर्जयंतगिरि गिरनार तक लगभग 2200 किमी धर्मपद यात्रा देश की राजधानी दिल्ली से प्रारंभ होकर जब 5 जून गुरुवार को जब इंदौर पहुंची तो इन्दौर वासीयों ओर जैन समाज के लोगों ने गिरनार धर्मपद यात्रा के महानायक श्री संजय जैन ओर उनकी टीम को सर आंखों पर बिठा लिया। जगह जगह स्वागत हुआ। अंत में यात्रा राजवाड़ा, गोरा कुंड के रास्ते होते हुए मल्हारगंज मोदी जी की नसियां है एक धर्म सभा में परिवर्तित हो गई।

धर्म सभा में मुनि श्री निष्पक्ष सागर जी, मुनिश्री प्रणुत सागर जी महाराज के औजपूर्ण प्रवचनों से पुरा सभा स्थल तालियों की गड़गड़ाहट और जय नेमीनाथ जय गिरनार के नारों से गुंजायमान होता रहा। वही आचार्य विप्रणुत सागर जी, आचार्य श्री विभव सागर जी आदि ने पदयात्रियों को आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर संजय जैन ने यात्रा के उद्देश्य को स्पष्ट करते हुए कहा कि यह यात्रा जैन सिद्धांत जियो और जीने दो, अहिंसा परमो धर्म के प्रचार-प्रसार करते हुए सामाजिक समरसता समभाव सौहार्द को स्थापित करने के लिए निकाली जा रही है। सभी यात्रियों के साथ



सम्पूर्ण भारत कि जैन समाज आगामी 2 जूलाई 2025 को भगवान श्री नेमीनाथ स्वामी के निर्वाण कल्याणक महोत्सव पर उनकी निर्वाण स्थली गिरनार पर्वत पर निर्वाण लाडू चढ़ाएंगे। उक्त जानकारी देते हुए वर्द्धमानपुर शोध संस्थान के अध्यक्ष एवं विश्व जैन संगठन के महामंत्री कार्यक्रम में लोकसभा सांसद शंकर लालवानी, इंदौर सामाजिक संसद के अध्यक्ष नरेंद्र वेद, राजकुमार पाटोदी, महावीर स्तंभ के अध्यक्ष अमित कासलीवाल, इंदौर जैन विश्व संगठन के अध्यक्ष मयंक जैन, फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोहर झांझरी, पूर्व अध्यक्ष राकेश विनायका, इंदौर रीजन से प्रदीप चौधरी, पोरवाड़ समाज के अध्यक्ष नमीष जैन, श्रीफल जैन न्यूज परिवार से रेखा संजय जैन, नीता राजेश जैन, मंजू राजेश अजमेरा, बाहुबली पांड्या, वितूल अजमेरा, सुशील पंड्या, टीके वेद, कैलाश वेद, राजीव जैन, नवीन गोधा, दिलीप पाटनी, नकुल पाटोदी, पिंकेश टोंग्या, संगीता विनायका, प्रदीप बड़जात्या, कमलेश कासलीवाल, विपुल बांझल, सचिन जैन उद्योगपति, दिलीप पापड़ीवाल, मयंक काला, रितेश जैन, अंशुल जैन, ऋषभ जैन, जेके जैन फारेस्ट, सनत गंगवाल, गिरीश रारा, डॉ. संगीता विनायका, सुनीता सेठी, संगठन के राहुल जैन, पारस जैन, मयूर जैन, निर्मल गंगवाल, सहित बड़ी संख्या में सकल जैन समाज के लोग उपस्थित रहे। यात्रा में वर्द्धमानपुर शोध संस्थान व समर्थ सिटी के लोगों ने शामिल होकर यात्रा के महानायक श्री संजय जैन व रितू जैन का स्वागत किया इस अवसर पर संस्थान के ओम पाटोदी, संतोष जैन मामाजी, अनील जैन, अभय पाटोदी, सुलभ जैन, संजय जैन, चर्चित पाटोदी, आशीष जैन, दिपेश जैन, अंकीत जैन, रौनक जैन आदि लोग उपस्थित थे।

## ग्राम जाबड़ा में हुआ पहला नेत्रदान, दो लोगों के जीवन में होगा उजियारा



**बदनावर (इंदौर समाचार)।** समीप ही के गांव जाबड़ा में नेत्रदान की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाया गया है। पाटीदार परिवार के सदस्य - जितेन्द्र पाटीदार, आराधना पाटीदार और साधना पाटीदार - ने अपने पिताजी रमेशचंद्र पाटीदार के निधन के बाद नेत्रदान की सहमति दी, जिससे दो नेत्रहीनों को दृष्टि प्राप्त होगी। इस पुण्य कार्य की पहल समाजसेवी सुरेश पाटीदार आदर्श और ईश्वरलाल पाटीदार सोहन लिमड़ावाले ने की। नेत्रम संस्था के सदस्य हेमन्त मूणत के अनुसार, परिजनों की सहमति मिलने के बाद बड़नगर स्थित गीता भवन न्यास के ट्रस्टी एवं नेत्रदान प्रभारी डॉ. जीएल ददरवाल को सूचित किया गया। सूचना मिलते ही डॉ. ददरवाल अपनी टीम के साथ ग्राम जाबड़ा पहुंचे और नेत्रदान की प्रक्रिया को सफलतापूर्वक सम्पन्न किया। इस अवसर पर दशरथ पाटीदार, बंशीलाल पाटीदार, दिनेश पाटीदार राजू पाटीदार सोहन सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी (महिला एवं पुरुष) मौजूद थे। इस पहल ने पूरे क्षेत्र में नेत्रदान के प्रति जागरूकता और सकारात्मक वातावरण का निर्माण किया है, जो भविष्य में अन्य लोगों को भी नेत्रदान के लिए प्रेरित करेगा। नेत्रम संस्था के सदस्य हेमन्त मूणत ने बताया कि जिले भर में अपने परिवार के सदस्य का निधन होने पर नेत्रदान हेतु नेत्रम परिवार के सदस्यों से संपर्क किया जा सकता है।

## लाइफलाइन स्कूल में पर्यावरण दिवस मनाया, पुष्प और फलदार पौधे लगाए



**मनावर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर लाइफ लाइन स्कूल मनावर जिला धार मध्य प्रदेश में पौधारोपण का कार्यक्रम स्कूल प्रशासन के द्वारा करवाया गया इस पौधारोपण के कार्यक्रम में मनावर के थाना प्रभारी ईश्वर सिंह चौहान और प्रसिद्ध चिकित्सक और पार्वती अस्पताल के चेयरमैन डॉक्टर कृष्ण चंद्र राणे और उनके सुपुत्र डॉक्टर जितेंद्र राणे के द्वारा प्राचार्य श्री शशिकांत पाटील और संपूर्ण स्टाफ के साथ पौधारोपण किया गया जिसमें विभिन्न प्रकार के पुष्प और फलदार वृक्ष के पौधे लगाए गए और समय-समय पर उनकी देखभाल करके पेड़ बनाने का संकल्प लिया गया ! इस अवसर पर थाना प्रभारी ईश्वर सिंह चौहान के द्वारा पर्यावरण की रक्षा और पेड़ पौधे से जीवन के महत्व को विस्तार से बताया गया और इसी के साथ डॉक्टर राणे के द्वारा चिकित्सकीय भाषा में ऑक्सीजन और पेड़ पौधों के महत्व को बताया और डॉक्टर जितेंद्र राणे के द्वारा स्कूल प्रशासन की इस पहल का समर्थन किया ! इस अवसर पर इंटरनेशनल खिलाड़ी विशाल दामके पत्रकार शकील खान पत्रकार दिलीप कुमरावत और पत्रकार सोहन काग,योगेश जख्मी युवा नेता अरुण गर्ग और पत्रकार मयंक साधु उपस्थित थे, सभी पत्रकारों को कलम देकर स्कूल प्रशासन ने सम्मान किया। आभार स्कूल की डायरेक्टर अरुणिमा अग्निहोत्री के द्वारा माना गया।

## बदनावर माहेश्वरी समाज ने महेश नवमी बड़े धूम धाम से मनाया

**बदनावर।** माहेश्वरी समाज द्वारा आराध्य देव भगवान महेश की जयंती महेश नवमी का पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नगर में प्रभात फेरी निकाली गई, जो पीपलेश्वर मंदिर से प्रारंभ होकर वहीं समापन हुई। फेरी में बड़ी संख्या में समाज जन शामिल हुए और पूरे नगर में शिवभक्ति के जयघोष गूंजे।

कार्यक्रम स्थल पर भगवान महेश का विशेष अभिषेक व पूजन किया गया, जिसे श्री मति शिखा गौरव सोमानी द्वारा जोड़े से



पूजन किया। समाज ने शिक्षा क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया। मधुरम बलदेवा (82%) और रक्षित माहेश्वरी (83%) को समाज की ओर से प्रशस्ति पत्र व शील्ड प्रदान की गई। समाज अध्यक्ष मनोज सोमानी ने समाज एकजुटता पर जोर देते हुए कहा की समाज को शिक्षा, पर्यावरण, खेलकूद जैसे क्षेत्रों में बच्चों को आगे लाना है और मोबाइल के दुरुपयोग को रोकने की दिशा में कदम उठाना होगा। उन्होंने समाज में एकजुटता और सहभागिता की आवश्यकता पर बल दिया। अंत में समाज के सचिव संतोष बाहेती ने सभी समाजजनों का आभार व्यक्त किया।

# श्री नेमि गिरनार धर्म पदयात्रा का इंदौर महानगर में हुआ भव्य स्वागत

**इंदौर ।** हजारों की संख्या में तिरंगे और जैन ध्वज को लेकर चला समंग्र जैन समाज धर्म समाज प्रचारक राजेश जैन दद्दू ने बताया कि आज 5 जून को इंदौर में नया इतिहास रच गया जब विश्व जैन संगठन द्वारा दिल्ली से प्रारंभ श्री नेमीनाथ भगवान के मोक्ष स्थली गिरनार को निकली 101 दिवसीय 2200 किलोमीटर की धर्म पद यात्रा का मां अहिल्या की नगरी इंदौर में सकल जैन समाज ने भव्य स्वागत करते हुए शोभायात्रा में समग्र जैन समाज ने सिरकत कर अपने जीवन को धन्य किया। मंयक जैन ने बताया कि जिसका सकल जैन समाज विभिन्न संगठनों द्वारा और अन्य बहुत से समाज द्वारा 25 से अधिक मंचों से स्वागत किया गया। यह पद यात्रा रीगल चौराहे से प्रारंभ हुई जिसका समापन मोदी जी जैन नसिया पर हुआ। यह पद यात्रा समन्वय सौहार्द अहिंसा और समाज को जोड़ने के उद्देश्य से निकली जा रही है। ऐसा पहली बार हुआ जब किसी पद यात्रा में 1008 फीट का तिरंगा और 1008 फिट का जैन ध्वज लेकर निकली है। धर्म पद यात्रा की आगवानी इंदौर नगर के जन प्रिय सांसद शंकर लालवानी द्वारा की गई और पूरी यात्रा में साथ रहे। धर्म पद यात्रा में आचार्य श्री विभव सागरजी, आचार्य विप्रणत सागरजी, आचार्य विभक्त सागरजी,मुनि श्री निष्पक्ष सागरजी, मुनि श्री प्रणुत सागरजी , मुनि श्री निस्पृह सागरजी और समस्त आर्यिका संघ का सानिध्य प्राप्त हुआ पद यात्रा का नेतृत्व कर रहे विश्व जैन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय जैन ने समंग्र जैन समाज को भगवान नेमीनाथ के मोक्ष कल्याणक पर अधिक से अधिक संख्या में गिरनार तीर्थ पहुंचने का आव्हान किया।



# गंगा के साथ गीता और गो माता के संरक्षण का प्रयास भी करें तो सनातन संस्कृति सर्वोपरि बनी रहेगी -गोपालदास

**इंदौर, जून। गाय, गीता और गंगा –इन तीनों का महत्व सनातन संस्कृति में माता के समान माना गया है। ये तीनों भारतीय समाज में वंदनीय और पूजनीय बनी हुई हैं। गंगा का पानी, गीता की वाणी और गाय के दूध को अमृत की संज्ञा दी गई है।**



गंगा नाम ही कल्याणकारी होता है। हमारी संस्कृति इतनी वृहद और उदार है कि नदी, पर्वत, पशु और पौधों को भी हमने परमात्मा का दर्जा दिया है। गंगा दशहरे के पर्व पर हम सब इन तीनों के संरक्षण की दिशा में सार्थक प्रयास करें तो निश्चित ही भारतीय सनातन संस्कृति विश्व में सबसे श्रेष्ठ और सर्वोपरि स्थान पर बनी रह सकती है। ये दिव्य विचार हैं एयरपोर्ट रोड, अंबिकापुरी स्थित श्री खाटू श्याम धाम के महामंडलेश्वर स्वामी गोपालदास महाराज के, जो उन्होंने गुरुवार को दोपहर में गंगा दशहरे पर आयोजित गंगा, गीता और गो माता के पूजन प्रसंग पर व्यक्त किए। महंत नीलू बाबा ने बताया कि इस अवसर पर महामंडलेश्वर नलिनी दास, महामंडलेश्वर कविता दास, महामंडलेश्वर जयेश दास, महामंडलेश्वर ललितादास एवं महामंडलेश्वर मीरा दास सहित अनेक संत-विद्वानों ने भी पूजन में भाग लिया। इसके पूर्व सुबह खाटू श्याम धाम पर चल रहे महायज्ञ में भी आचार्य मुकेश उपाध्याय, पं. पवन शर्मा एवं पं. रोहित शर्मा के निर्देशन में आज महायज्ञ में सूखे मेवे, काजू, बादाम, किशमिश, अखरोट, जावित्री, जायफल के साथ 1008 पान की आहुतियां भी समर्पित की गई। यज्ञ देवता की आरती में सोनू मिश्रा, सुनील पांडे, पवन जैन, सुशील यादव, रेखा परमार, रेखा मालवीय सुमित्रा दायमा, मीना सारड़ीवाल, मीना सोनी, संतोष ठाकुर, ममता सोनी, संध्या गुप्ता, दिव्या अग्रवाल, शांतनु मिश्रा, कुसुम सेन, मणि मिश्रा, प्रेमलता सेन सहित सैकड़ों भक्तों ने भाग लिया।

# श्री बाल हनुमान मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की शुरुआत



**इंदौर।** नंदानगर स्थित श्री राम बाल हनुमान मंदिर पर दो दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की शुरुआत गुरुवार को भव्य कलश यात्रा के साथ हुई, जिसमे सैकड़ों मातृशक्ति सिर पर श्रद्धा के कलश लेकर शोभायात्रा में निकली। जय माता दी और खाटू श्याम बाबा के जयकारों से पूरा यात्रा मार्ग गुंजायमान हो उठा। समिति के संरक्षक सुरेश गागरे मंडल के अध्यक्ष सुभाष मापारे मंदिर समिति के अध्यक्ष उदित शर्मा उपाध्यक्ष कान्हा ठाकुर ने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के पहले कलश यात्रा की शुरुआत वेद मंत्रो के बीच पूजन अर्चन करके मंदिर से प्रारंभ हुई। यात्रा में सैकड़ो मातृशक्ति सिर पर श्रद्धा के कलश लेकर शोभायात्रा में निकली, भजनों पर महिलाएं नाचते गाते हुए चल रही थी, कलश यात्रा में संजय लोखंडे प्रवीण खराटे अजय घोरपड़े विनोद मोहिते राजा चौहान योगेश केमिया और ,सहित अन्य बड़ी संख्या में भक्त सम्मिलित हुए।

## अभा दशनाम गोस्वामी समाज ने रोपे कई किस्मों के पौधे



**इंदौर ।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर अभा दशनाम गोस्वामी समाज इंदौर द्वारा माता-पिता और परिजनों की स्मृति में अनूठी पहल करते हुए स्कीम 103 उद्यान पर कई किस्मों के पौधे रोपे, दो महीनो तक पौधे रोपकर समाजजनों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करेंगे। युवा शाखा के प्रदेश अध्यक्ष कमलपुरी गोस्वामी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजेश गोस्वामी ने बताया कि इंदौर गोस्वामी समाज युवा साथी, महिला शाखा, ,इनमे लगभग 5 से तक के बरगद, और नीम, करंज, अर्जुन और आम के सहित विभिन्न किस्मों के वृक्ष रोपे।इसके अब समाजजनो द्वारा लगातार 2 महीने तक विभिन्न स्थानों पर 5000 पौधे रोपे जाएंगे, उद्यान में जो पौधे रोपे गए हैइस अवसर पर प्रदेश महासचिव दशरथ गिरी, भाजपा नेता अविनेश हार्डिया, नेहा गिरी, संदीप गिरी, प्रियंका पुरी, उषा गिरी, राहुल पुरी, पार्थ पुरी, बड़ी संख्या में समाजजन मोजूद थे।

## विष्णुपुरी रहवासी संघ द्वारा अहिल्या उद्यान में पौधारोपण



**इन्दौर। इंदौर विष्णुपुरी रहवासी संघ द्वारा अहिल्या उद्यान में भाजपा नेता अशोक बिनवानी के मार्गदर्शन में पौधारोपण का आयोजन किया गया। नगर निगम इंदौर की क्षेत्रीय पार्षद सुनीता सुनील हार्डिया के मुख्य आतिथ्य में बड़ी संख्या में रहवासियों और प्लेसमेंट अड्डा इंस्टीट्यूट के लगभग पचास विद्यार्थियों ने सामूहिक पौधारोपण किया।**

उल्लेखनीय हैं कि एक समय में अहिल्या उद्यान उजाड़ था गंदगी का मैदान था जिसको पार्षद सुनीता सुनील हार्डिया के सहयोग से रहवासियों ने हरा भरा कर दिया है। प्रतिदिन उद्यान में रहवासियों द्वारा साफ सफाई और पौधारोपण किया जाता है।

## नानीबाई रो मायरो का तीन दिवसीय आयोजन

**इंदौर ।** नानीबाई रो मायरो का तीन दिवसीय आयोजन 6-7-8 जुन शुक्रवार को दोपहर दो बजे से शाम छह बजे तक किया जायेगा।कथावाचक एवं भगवताचार्य पंडित मयंकजी व्यास और स्वामीजी विष्णुप्रपन्नाचार्यजी महाराज के सानिध्य में पावन सिद्धधाम श्रीलक्ष्मी वैंकटेश देवस्थान छत्रीबाग रखा गया है।कार्यक्रम के मनोरथी श्रीमती हरजीत कौर श्यामा परिवार और आयोजक श्री अन्नपूर्णा क्षैत्र माहेश्वरी युवा सतसंगी सखी संगठन है। नानीबाई रो मायरो के प्रथम दिन शुक्रवार को मंदिर प्रांगण में शोभायात्रा भी निकाली जायेगी ।

# नाबालिग बहनों से छेड़छाड़, आरोपी पकड़ाया

**इंदौर (नगर संवाददाता)।** जूनी इंदौर इलाके में दो नाबालिग बहनों के साथ छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को पुलिस ने चंद घंटों में ही पकड़ लिया। एसीपी देवेन्द्र सिंह धुर्वे ने बताया कि एक नाबालिग अपनी माँ के साथ जूनी इंदौर थाना आई और बताया कि मेरी माँ वर्ष 2015 से काशीराम पारिक की लेडिस गारमेंट की दुकान खातीवाला टैंक मेन रोड पर काम करती थी। दुकान के काम काज से काशीराम पारिख अंकल का हमारे घर पर आना जाना था। मार्च 2022 में घर पर अकेली थी, तभी काशीराम पारिख घर पर आया और मेरे साथ अश्लील बाते करते हुए बुरी नीयत से मेरा हाथ पकड लिया। मैने बोला की गलत हरकत करोगे तो मै चिल्लाऊगी, तो काशीराम पारिख ने मेरा हाथ छोड दिया और वहां से चला गया। उसके बाद काशीराम पारिख का घर पर आना जाना बना रहा। जब भी मैं अकेली दिखती तो काशीराम पारिख मुझे बुरी नीयत से घूरता था। मै उस समय डर गई थी इसलिये यह बात किसी को नहीं बताई। काशीराम पारिख अंकल मुझे नवंबर 2024 तक परेशान करता रहा। बड़ी बहन ने बताया कि नवंबर 2024 तक आरोपी किसी न किसी बहाने उसे परेशान करता रहा। इसके बाद 3 मई 2025 को जब उसकी छोटी बहन ने बातचीत में खुलासा किया कि काशीराम उसके साथ भी अश्लील हरकतें करता है और गलत तरीके से छूता है, तब बड़ी बहन ने उसे पूरी बात बताई। इसके बाद दोनों बहनों ने हिम्मत दिखाते हुए अपनी मां को सारी जानकारी दी, परिजन के साथ जूनी इंदौर थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। थाना प्रभारी जूनी इन्दौर द्वारा तत्काल पुलिस टीम गठित कर आरोपी काशीराम पारीख को तत्परता से गिरफ्तार किया जाकर पूछताछ की जा रही हैं।

## मामा-भांजे को पीटा

**इंदौर।** एक युवक के साथ कुछ लोग मारपीट कर रहे थे, इस पर उसके मामा बचाने के लिए गए तो आरोपियों ने उन्हें भी पीट दिया। लसुड़िया पुलिस को अग्रवाल तौल कांटा के पास रहने वाले संतोष पिता गब्बुलाल सोलंकी ने शिकायत दर्ज कराई कि वह चौधरी मार्केट गया था जहां देखा कि उसके भांजे अरमान के साथ कुछ लोग मारपीट कर रहे थे तो उन्होंने बीचबचाव किया तो अज्ञात दो युवकों ने उनके साथ भी विवाद कर जमकर मारपीट की व एक व्यक्ति ने नुकीली चीज से उनके सिर पर हमला कर दिया जिससे वह लहूलुहान हो गए।



विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर विधानसभा-3 के विधायक गोलू शुक्ला एवं मंडल अध्यक्ष चंद्रभान सिंह सोलंकी जी के नेतृत्व में देवी अहिल्याबाई मंडल के वार्ड 57 मे लोखंडे पुल के पास समस्त मंडल कार्यकारिणी द्वारा वृक्षारोपण किया गया।।

# पानी की एक-एक बूंद बचाने और जल स्त्रोतों को स्वच्छ रखने की शपथ

**इंदौर।** श्रद्धा सुमन सेवा समिति द्वारा गंगा दशहरे के उपलक्ष्य में पंचकुइया स्थित राम मंदिर एवं गोशाला पर आयोजित गंगा पूजन कार्यक्रम में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने महामंडलेश्वर स्वामी रामगोपालदास महाराज, महामंडलेश्वर डॉ. स्वामी चेतन स्वरूप एवं महामंडलेश्वर पवनदास महाराज एवं वरिष्ठ संत राजानंद महाराज के सानिध्य में पानी की एक-एक बूंद का संरक्षण करने, नदियों, बावड़ियों और कुओं को स्वच्छ रखने तथा पर्यावरण संवर्धन के लिए वर्षाकाल में अपने घर-आंगन में पौधे रोपने जैसे अभिनव संकल्प लिए। श्रद्धा सुमन सेवा समिति के अध्यक्ष हरि अग्रवाल, राजेन्द्र सोनी एवं राजेन्द्र गर्ग ने बताया कि गंगा दशहरे के उपलक्ष्य में प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी गंगा पूजन तथा प्रकृति एवं पर्यावरण संरक्षण का यह कार्यक्रम पंचकुइया राम मंदिर पर संतों के सानिध्य मंर आयोजित किया गया। प्रारंभ में सभी सदस्यों ने गंगा मैया का पूजन-अभिषेक किया। इस अवसर पर समाजसेवी किशोर गोयल एवं अशोक गोयल विशेष अतिथि के रूप में मौजूद थे। गंगा मैया की आरती में समाजसेवी नारायण अग्रवाल (420 पापड़), सेवा सुरभि के संयोजक ओमप्रकाश नरेड़ा, बलराम सोनी, गोपाल अग्रवाल, उमेश गेहलोत, आशीष जैन, रवीन्द्र त्यागी, मुरलीधर धामानी, मनीष अग्रवाल, जवाहर शर्मा, डॉ. चेतन सेठिया, सूरजसिंह राठौर, अशोक बंग, पुरुषोत्तम मेढ़तवाल तथा मातृशक्ति की ओर से सुश्री किरण ओझा, राजकुमारी मिश्रा, गीता शर्मा, ज्योति शर्मा, सीमा सेन, पुष्पा यादव आदि ने भाग लिया। संचालन हरि अग्रवाल ने किया और आभार माना राजेन्द्र सोनी ने।



# प्रशिक्षणार्थी पुलिस कर्मियों ने किया कंट्रोल रूम भ्रमण

**इंदौर (मनीष शर्मा)।** पुलिस मुख्यालय के निर्देशन मे विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन पुलिस आयुक्त संतोष कुमार सिंह के दिशा निर्देशन में समय-समय पर किया जा रहा है। इसी परिपेक्ष्य में पीआरटीएस इंदौर मे आरक्षक से लेकर उपनिरीक्षक स्तर के रेडियो एवं जिला बल के पुलिस अधिकारियो/कर्मचारियो के लिए 3 से 5 जून तक 3 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया । उक्त प्रशिक्षण के तहत 5जून को अति. पुलिस उपायुक्त प्रमोद सोनकर के मार्गदर्शन में सहायक पुलिस आयुक्त सुभाष सिंह व कंट्रोल रूम के अन्य पुलिस अधिकारियों ने पीआरटीएस इंदौर मे प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियो को पलासिया चौराहा स्थित पुलिस कमिश्नरेट के कंट्रोल रूम इंदौर का भ्रमण कराया गया। पुलिस कंट्रोल रुम भ्रमण के दौरान अधिकारियों ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियो को पुलिस कमिश्नरेट की कार्यप्रणाली के बारें में बताते हुए, डायल-100, सीसीटीवी सर्विलांस सिस्टम, 112-इमरजेंसी एप्लिकेशन और पुलिस की विभिन्न हेल्पलाइन के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई । कंट्रोल रूम इंचार्ज, एसीपी सुभाष सिंह, सउनि (रे)अभिलाष सिंह , सउनि (रे) रोहित गुप्ता , आरक्षक देवेश शर्मा, आरक्षक धीरज ने पुलिस कंट्रोल रुम की संरचना, प्रभारी अधिकारी की दक्षता, कर्तव्य, मुख्य दायित्व, कंट्रोल रुम की दैनिक कार्यवाही, डीएसआर, कार्य जिले मे होने वाले कार्यक्रम, प्रदर्शन/ जुलूस आदि की जानकारी दी गई। तथा कार्यप्रणाली के संबंध में प्रशिक्षु पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा कई सवाल पूछें, जिसकी उन्हें उचित जानकारी प्रदान कर उनकी जिज्ञासाओ का शमन किया।





## बिजली कंपनी के एमडी श्री सिंह ने ली मिटिंग

**इंदौर।** मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर के प्रबंध निदेशक श्री अनूप कुमार सिंह ने गुरुवार की शाम आरडीएसएस के अंतर्गत इंदौर शहर, इंदौर ग्रामीण, उज्जैन, खंडवा आदि जिलों में हो रहे कार्यों को लेकर मिटिंग ली। इसमें बिजली कंपनी के मुख्य अभियंता श्री एसएल करवाड़िया, श्री कामेश श्रीवास्तव, अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री संजय जैन, शहर अधीक्षण अभियंता श्री डीके गाठे, श्री आरबी दोहरे, संयुक्त सचिव श्री संजय मालवीय के साथ ही विभिन्न कार्य एजेंसी प्रतिनिधि मौजूद थे।

फ्रेंच ओपनः जोकोविच, सिनर जीते

# गॉफ का सेमीफाइनल में 361वीं रैंक वाली फ्रांसीसी महिला से मुकाबला





**पेरिस-नंबर 2 वरीयता प्राप्त कोको गॉफ का फ्रेंच ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचना किसी को भी हैरान नहीं करना चाहिए। खिताबी मुकाबले में जगह बनाने के लिए उनकी 361वीं रैंक वाली प्रतिद्वंद्वी? यह पूरी तरह से अलग कहानी है। गॉफ ने दो अमेरिकियों के बीच क्वार्टर फाइनल में नंबर 7 मैडिसन कीज़ को 6-7(6) 6-4 6-1 से हराकर तीसरी बार रोलांड-गैरोस में अंतिम चार में जगह बनाई, जिन्होंने दोनों ही प्रमुख खिताब जीते हैं। 2023 यूएस ओपन चैंपियन गॉफ का अगला मुकाबला फ्रांसीसी वाइल्ड-कार्ड एंट्री लोइस बोइसन से जो कुछ हो रहा है, उसके लिए ये दो अच्छे शब्द हैं।**

एक साल पहले, बोइसन को पेरिस में अपना ग्रैंड स्लैम डेब्यू करना था, लेकिन उनके घुटने का लिगामेंट फट गया और वे प्रतिस्पर्धा नहीं कर सकीं। अब 22 वर्षीय बोइसन मोनिका सेलेस और जेनिफर कैप्रियाती के 1989 के फ्रेंच ओपन में ऐसा करने के बाद अपने पहले प्रमुख टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचने वाली पहली महिला हैं और कम से कम 40 वर्षों में रोलांड-गैरोस में इतनी दूर तक पहुंचने वाली सबसे कम रैंक वाली खिलाड़ी हैं। नोवाक जोकोविच और नंबर 1 जैनिक सिनर ने जीत के साथ सेमीफाइनल में जगह बनाई। जोकोविच पिछले साल के उपविजेता नंबर 3 अलेक्जेंडर ज़ेवरेव पर 4-6 6-3 6-2 6-4 से जीत के साथ अपने रिकॉर्ड 51वें ग्रैंड स्लैम सेमीफाइनल में पहुँच गए। और सिनर ने अपने नवीनतम शानदार प्रदर्शन के साथ लगातार दूसरे साल पेरिस में सेमीफाइनल में वापसी की, जिसमें उन्होंने दो घंटे से कम समय में गैर-वरीयता प्राप्त अलेक्जेंडर बुब्लिक को 6-1 7-5 6-0 से हराया।

## मप्र की अंडर-15 टैलेंट स्काउट बालिकाओं के चयन ट्रायल्स् इन्दौर मे

इंदौर। आईडीसीए सचिव श्री देव आषिष निलोसे ने बताया कि मध्य प्रदेश क्रिकेट संगठन के द्वारा मध्य प्रदेश की अंडर-15 टैलेंट स्काउट बालिकाओं के (ओपन) चयन ट्रायल्स् इन्दौर मे 11-12 जून 2025 को जिमखाना मैदान, इन्दौर पर रखी गई है जिसमें रिर्पोटिंग का समय प्रातः 10:00 बजे एवं ट्रायल्स् 11:00 बजे से शुरू होगी । इस चयन ट्रायल मे इन्दौर संभाग एवं उज्जैन संभाग क्रिकेट संघ की बालिकाएँ हिस्सा ले सकती हैं जिनका जन्म 1.9.2010 से 31.8.2013 के मध्य हुआ हो चयन एमपीसीए इंदौर के सिलेक्टर्स द्वारा किया जाएगा। चयनित खिलाड़ियों का अंतिम चयन मध्यप्रदेश की अंडर-15 टीम के लिए इंदौर किया जाएगा। ट्रायल्स् में शामिल होने वाली सभी खिलाड़ियों को अपने साथ स्वयं का डिजिटल जन्म प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड की फोटो कॉपी लाना अनिवार्य है। इस ट्रायल्स् हेतु किसी भी खिलाडियों को किसी तरह का भत्ता इन्दौर क्रिकेट संगठन द्वारा नही दिया जावेगा । ट्रायल्स् की जानकारी हेतु श्री जंयत वानखेडे, श्वेता कुषवाह, योगेष तोमर व अजीत राजोरिया से शाम 4 बजे से 7 बजे में मध्य आईडीसीए कार्यालय, जिमखाना मैदान पर संपर्क करे ।

# गंभीर बोले- वर्ल्ड कप जीतने पर भी रोड शो नहीं करना चाहिए-गंभीर



**मुंबई-** भारत के नए टेस्ट कप्तान शुभमन गिल ने कहा है कि इंग्लैंड दौरे पर 2 सीनियर बल्लेबाज (रोहित शर्मा और विराट कोहली) की जगह भर पाना मुश्किल होगा। वे टीम में नहीं हैं, लेकिन हमारी टीम में बैटिंग कॉम्बिनेशन अच्छा है। 25 साल के भारतीय कप्तान ने जीत के दबाव पर कहा कि हर टूर में जीतने का प्रेशर रहता है। हमारी टीम में अनुभव और युवा प्लेयर्स का अच्छा मिश्रण है। वहीं, हेड कोच गौतम गंभीर ने कहा- युवा प्लेयर्स का पास इंग्लैंड में खुद को साबित करने का अच्छा मौका है। हमारे पास क्वालिटी प्लेयर्स हैं, जो इस दौरे पर बेहतर कर सकते हैं। हमारा ध्यान क्लीन स्वीप पर नहीं है, हम मैच जीतने पर फोकस कर रहे हैं।कप्तान बनने के बाद यह गिल की पहली प्रेस कॉन्फ्रेंस हैं। भारतीय टेस्ट टीम शुक्रवार को इंग्लैंड के लिए रवाना होगी। केएल राहुल गुरुवार को इंग्लैंड पहुंच चुके हैं। वे 6 जून से इंग्लैंड लायंस के खिलाफ दूसरे अनऑफिशियल टेस्ट का हिस्सा होंगे।

**शुभमन गिल की मुख्य बातें**-इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टीम पर गिल ने कहा- टीम में बहुत अछे तेज गेंदबाज हैं, जो किसी भी सिचुएशन में जिता सकते हैं। जसप्रीत बुमराह जितने भी मैच खेल सकें, हमारे लिए बेस्ट रहेगा।

-शुभमन ने IPL में प्रदर्शन पर गिल ने कहा- IPL बड़ा टूर्नामेंट है, इसलिए खिलाड़ियों के दिमाग में अपनी फ्रेंचाइजी के लिए भी बेस्ट प्रदर्शन करने की बात रहती है। टूर्नामेंट के दौरान भी कई प्लेयर्स रेड बॉल से प्रैक्टिस कर रहे थे, वे टेस्ट सीरीज पर भी फोकस कर रहे थे।कप्तानी की रणनीति पर गिल ने कहा- मैं अपनी कप्तानी में किस स्ट्रैटजी को फॉलो करूंगा, इस बार यादा नहीं कहना चाहता। मैं फिर भी अपने प्लेयर्स के साथ अछा बॉन्ड बनाने पर ध्यान दूंगा। जिससे वे मैच में अपना बेस्ट दे सकें।

**क्रिस वोक्स 14 सदस्यीय टीम में**-तेज गेंदबाज क्रिस वोक्स को गुरुवार को लीड्स में 20 जून से खेले जाने वाले पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला के पहले मैच के लिए 14 सदस्यीय इंग्लैंड टीम में शामिल किया गया। 36 वर्षीय वोक्स, जिन्होंने अब तक 57 टेस्ट मैचों में 181 विकेट और 1970 रन बनाए हैं।




## जबलपुर रॉयल लायंस की 'क्रिकेट 4 ऑल' के साथ शुरुआत

मध्य प्रदेश लीग (एमपीएल) टी20 सिंधिया कप के मौजूदा चैंपियन जबलपुर रॉयल लायंस ने गुरुवार को एक शक्तिशाली संदेश के साथ अपने खिताब की रक्षा की शुरुआत की, क्रिकेट सभी के लिए है। शाम को एमपीएल टी20 सिंधिया कप के सीजन 2 का आधिकारिक शुभारंभ हुआ, जो 12 जून से शुरू होने वाला है। इस पहल के तहत, जबलपुर रॉयल लायंस ने आगामी सीजन के दौरान अपने बल्लेबाजों द्वारा बनाए गए प्रत्येक अर्धशतक के लिए तीन क्रिकेट किट बैग दान करने का संकल्प लिया है। यह कार्यक्रम वंचित पृष्ठभूमि के बच्चों के सपनों के साथ पेशेवर क्रिकेट को जोड़ने की इच्छा रखता है, ताकि वे उचित उपकरण और समर्थन के साथ खेल को आगे बढ़ा सकें। इस कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री और एमपीएल के संरक्षक ज्योतिरादित्य सिंधिया के साथ-साथ मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (एमपीसीए), ग्वालियर डिवीजन क्रिकेट एसोसिएशन (जीडीसीए), एमपीएल काउंसिल, टीम मालिकों, लीग प्रायोजकों, मीडिया प्रतिनिधियों और प्रमुख क्रिकेटरों की मौजूदगी रही। अपने मुख्य भाषण में, सिंधिया ने इस पहल की सराहना की÷ मैं जबलपुर रॉयल लायंस को क्रिकेट 4 ऑल पहल शुरू करने के लिए बधाई देता हूं। यह जमीनी स्तर की प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने और मध्य प्रदेश क्रिकेट को नई ऊंचाइयों पर ले जाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहला कदम है।

## सैयामी ने की मैनचेस्टर यूनाइटेड के खिलाड़ियों से मुलाकात

अभिनेत्री और खेल प्रेमी सैयामी खेर ने हाल ही में मुंबई में मैनचेस्टर यूनाइटेड के स्टार खिलाड़ियों डियोगो डालोट, हैरी मैग्वायर और आंद्रे ओनाना के साथ अच्छा समय बिताया। फिटनेस और एडवेंचर स्पोर्ट्स के प्रति अपने जुनून के लिए जानी जाने वाली सैयामी ने इन खिलाड़ियों से खेल, फिटनेस और मैदान के बाहर की ज़िंदगी पर बातचीत की। दिनभर सैयामी और इन तीनों खिलाड़ियों ने अपने-अपने शेड्यूल्स और ऑफ-सीज़न में आराम करने के तरीकों के बारे में अनुभव साझा किए। बातचीत के दौरान फुटबॉल, स्कूबा डाइविंग, क्रिकेट, एंड्योरेंस ट्रेनिंग और ओवरऑल फिटनेस जैसे विषयों पर खुलकर बातें हुई।उन्होंने आगे कहा, हमने ऑफ-सीज़न के दौरान खुद को मोटिवेटेड रखने के उनके रूटीन के बारे में भी बात की। उनके ट्रेनिंग प्लान्स सुनकर मैं पूरी तरह से चकित रह गई। डियोगो और मैंने डाइविंग, फिल्मों और भारत में फुटबॉल और क्रिकेट के क्रेज पर भी चर्चा की।








## टाइगर श्रॉफ और निमृत कौर एक साथ

बॉलीवुड के एक्शन स्टार टाइगर श्रॉफ जल्द ही उभरती हुई अदाकारा निमृत कौर आहलूवालिया के साथ एक नए और रोमांचक प्रोजेक्ट में नज़र आएंगे। यह पहली बार होगा जब दोनों एक साथ स्क्रीन शेयर करेंगे। इस नई जोड़ी ने पहले ही फैंस और इंडस्ट्री में काफी उत्सुकता जगा दी है।निमृत, जिन्होंने हाल ही में फिल्म 'शौंकी सरदार' में अपने दमदार अभिनय से खूब तारीफें बटोरीं, अब एक नए मुकाम पर हैं। उनकी मासूमियत और मज़बूत अभिनय के मेल ने उन्हें इंडस्ट्री में खास बना दिया है। वहीं, टाइगर श्रॉफ अपनी एक्शन और डांस के लिए जाने जाते हैं। ऐसे में दोनों की जोड़ी पर्दे पर एक नया और शानदार एनर्जी लेकर आएगी।







## पद्मिनी राजमाता की भूमिका में



'चक्रवर्ती सम्राट पृथ्वीराज चौहान', गाथा में दिग्गज अभिनेत्री पद्मिनी कोल्हापुरे राजसी राजमाता की भूमिका में दर्शकों को मंत्रमुग्ध करने के लिए तैयार हैं। इस प्रतिष्ठित किरदार को जीवंत करने के लिए पद्मिनी ने गहन शोध किया और खुद को उस समय की ऐतिहासिक व भावनात्मक भावना में पूरी तरह उतार दिया। पद्मिनी कोल्हापुरे ने कहा, चक्रवर्ती सम्राट पृथ्वीराज चौहान में राजमाता की भूमिका निभाना मेरे करियर के सबसे अर्थपूर्ण अनुभवों में से एक रहा है। वे केवल एक ऐतिहासिक चरित्र नहीं हैं, वे एक माँ हैं, एक मार्गदर्शक हैं, और भारत के सबसे महान योद्धाओं में से एक के पीछे एक सशक्त स्त्री हैं। उन्हें समझने के लिए मैंने केवल स्क्रिप्ट पर निर्भर नहीं किया। मैंने ऐतिहासिक दस्तावेज पढ़े, लोक कथाएँ सुनीं, शोध लेख पढ़े और क्षेत्रीय डॉक्यूमेंट्रीज़ भी देखीं, ताकि यह जान सकूँ कि वे किस प्रकार का आचरण करती होंगी

## यामिनी मल्होत्रा का ताज प्रेम



अभिनेत्री और बिग बॉस 18 की लोकप्रिय प्रतियोगी यामिनी मल्होत्रा ने हाल ही में आगरा का दौरा किया, जहां उन्होंने अपने परिवार के साथ विश्व प्रसिद्ध ताजमहल को देखने के लिए समय निकाला। यह यात्रा शहर में आयोजित एक महत्वपूर्ण मॉडलिंग प्रतियोगिता में एक जज सेलिब्रिटी के रूप में उनकी उपस्थिति के ठीक बाद हुई।एक न्यायाधीश के रूप में अपने कर्तव्यों और जिम्मेदारियों को पूरा करने के बाद यामिनी ने प्रतिष्ठित ताजमहल का दौरा करने के लिए एक दिन बिताने का फैसला किया। एक ऐसा स्मारक जिसे वह एक ही समय में जादुई और रोमांटिक दोनों मानती हैं। एक शानदार पीले रंग की ब्लूस और एक जीवंत गुलाब की साड़ी, राजसी और चमकदार, यामी लूसिया सुरुचिपूर्ण, ग्रेसिओसा और एक अलग वर्ग की पोशाक, सफेद संगमरमर के राजसी तल के खिलाफ भारतीय परंपरा के सार को कैद करती है।

## बेहतरीन तालमेल की कोई उम्र नहीं होती

शो 'उफ़्फ़... ये लव है मुश्किल' एक नई सोच और ताज़गी से भरी कहानी पेश करता है, जिसमें मुख्य भूमिका आशी सिंह (कैरी शर्मा) और शब्बीर आहलूवालिया (युग सिन्हा) निभा रहे हैं। इन दोनों किरदारों में लगभग 20 साल का उम्र का अंतर है, जिसे यह शो छिपाने की बजाय साहसिकता से अपनाता है। इस अनोखी कास्टिंग की सबसे बड़ी ताकत है दोनों कलाकारों की स्वाभाविक और सशक्त केमिस्ट्री। युग और कैरी के किरदार पारंपरिक दायरे में नहीं बंधे हैं - उनके रिश्ते में विरोधाभास हैं, जटिलताएं हैं, और संवेदनशीलता है। कैरी शर्मा का किरदार निभा रहीं आशी सिंह ने कहा, ÷शब्बीर और मेरी ऑनस्क्रीन केमिस्ट्री इस बात का प्रमाण है कि अच्छी केमिस्ट्री की कोई उम्र नहीं होती। मैंने उन्हें टीवी पर बड़े होते हुए देखा है; वह सिर्फ अपने काम के लिए नहीं, बल्कि हर किरदार को जो गरिमा और गहराई से निभाते हैं, उसके लिए भी मेरी प्रेरणा रहे हैं।



## कलाकारों ने दिया हरियाली का संदेश

वर्ल्ड एनवायरनमेंट डे के मौके पर शो बड़ी हवेली की छोटी ठकुराईन के सेट पर एक खास नज़ारा देखने को मिला। शो के मुख्य कलाकार दीक्षा धामी (चैना), शील वर्मा (जयवीर), और इशिता गांगुली (चमकीली) ने शूटिंग से समय निकालकर वृक्षारोपण अभियान में हिस्सा लिया। इन सितारों ने न सिर्फ पौधे लगाए, बल्कि पर्यावरण की रक्षा के लिए व्यक्तिगत संकल्प भी लिया।इशिता गांगुली के लिए दिल से जुड़ा हुआ अनुभव रहा। उन्होंने कहा,÷मेरे लिए एनवायरनमेंट डे सिर्फ एक दिन फॉलो करने वाली चीज नहीं है, बल्कि ये हर दिन किए जाने वाले सही चुनाव को लेकर है। आज बड़ी हवेली की छोटी ठकुराईन सेट के आसपास पौधे लगाकर दिल को बहुत सुकून मिला।






# एक घाट पर पानी पीते दिखे बाघिन और हिरण

● पन्ना / आरएनएन

गर्मी के दिनों में वन्यजीव अक्सर पानी की तलाश में इधर उधर भटकते रहते हैं। कई बार पानी के चक्कर में शिकार भी बन जाते हैं, लेकिन पन्ना टाइगर रिजर्व से एक ऐसा वीडियो सामने आया है जिसे देखकर आप अपनी आखों पर कुछ पल के लिए भरोसा नहीं कर पाएंगे। इस दुर्लभ वीडियो में घटना ही ऐसी कैद हुई है, जिसको देखकर लोग रोमांचित हो रहे हैं और बोल रहे हैं कि बाघ का खौफ खत्म हो गया है। दरअसल पन्ना टाइगर रिजर्व के मंडला गेट के पास बने जलाशय में बाघिन के सामने हिरण बड़े आराम से पानी पी रहे हैं। वहीं बाघिन यह सब बैठकर वहां देख रही है। बाघिन को देखकर ऐसा लग रहा है जैसे कि उसका आज शिकार करने को कोई मूड नहीं है। यह शानदार नजारा वहां से निकल रहे पर्यटक देखकर अचंभित रह गए।

**पन्ना टाइगर रिजर्व से सामने आया मनमोहक नजारा**

कुछ पर्यटकों ने इस दुर्लभ मोमेंट को अपने मोबाइल कैमरों में कैद किया, जो सोशल मीडिया में जमकर वायरल हो रहा है। यूजर वीडियो देखकर रोमांचित हो रहे हैं। तरह तरह के कमेंट कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा कि बाघ का खौफ खत्म हो चुका है।

### शिकार के बजाय शांति से बैठी रही बाघिन

वायरल हो रहा वीडियो पन्ना टाइगर रिजर्व की बाघिन पी-142 का है। बाघिन पन्ना टाइगर रिजर्व में बने जलाशय के पास पानी के किनारे आराम फरमा रही है और उसी के पास दो हिरण चीतल पानी पी रहे हैं। ऐसे दुर्लभ वीडियो कम ही देखने को मिलते हैं। अमूमन हिरण टाइगर की आहट सुनते ही दौड़ खड़े होते हैं और अपनी जान बचाने के लिए भागते दिखाई पड़ते हैं। वहीं बाघ उनका शिकार करने के लिए पीछा करते दिखाई देता है। यह वीडियो अपने आप में अजूबा है। शायद ही कभी ऐसा हुआ हो कि जब एक ही घाट पर बाघ और हिरण एक साथ पानी पीते हुए दिखे हों।

▶ **विश्व पर्यावरण दिवस पर विशेष: हर साल चार से पांच करोड़ पौधे लगा रहा वन विभाग**

# पौधारोपण के असर से बढ़ गई हरियाली 76 वर्ग किमी का ओपन फॉरेस्ट हुआ कम

**356.31 वर्ग का जंगल हुआ घना 6676 से 7021 वर्ग किमी का हुआ अति सघन वनक्षेत्र**

● भोपाल

प्रदेश के वनक्षपेत्र को हराभरा करने और ओपन फॉरेस्ट को कम करने हर साल 4 से 5 करोड़ पौधे रोपे जाते हैं। इस पौधारोपण का असर अब दिखने लगा है। पिछले सालों की तुलना में प्रदेश में अति सघन वनक्षेत्र भी बढ़ा है और ओपन फॉरेस्ट भी कम हुआ है। दो साल में 76 वर्ग किमी का ओपन फॉरेस्ट कम हो गया है। यानी लगातार हो रहे पौधारोपण से खुला वनक्षेत्र भी अब हराभरा हो गया है। प्रदेश के पर्यावरण के लिए यह सुखद संदेश है। ताजा आंकड़ों में प्रदेश का अति सघन वनक्षेत्र 356.31 वर्ग किमी तक बढ़ गया है। प्रदेश में 94689 वर्ग किमी का वनक्षेत्र है। इसमें 61886 आरक्षित और 31098 वर्ग किमी का संरक्षित वन है। इस वनक्षेत्र को अति सघन वन, सामान्य सघन वन और खुले वनक्षेत्र में बांटा गया है। प्रदेश में साल 2019 में अति सघन वनक्षेत्र 6676 वर्ग किमी का था। साल 2021 में यह वनक्षेत्र 6665 वर्ग किमी का रह गया था। यानी अति सघन वनक्षेत्र भी कम हो गया था। अब अति सघन वनक्षेत्र बढ़कर 7021.31 वर्ग किमी का हो गया है। यानी 356.31 वर्ग किमी का अति सघन वनक्षेत्र बढ़ा है। वहीं साल 2021 में ओपन फॉरेस्ट 36 हजार 619 वर्ग किमी का था, जो अब घटकर 36543 वर्ग किमी का रह गया है। यानी ओपन फॉरेस्ट 76 वर्ग किमी कम हुआ है। साल 2019 से साल 2024-25 तक प्रदेश में 21 करोड़ 78 लाख से अधिक पौधारोपण हुआ। इस पौधारोपण का असर छह साल में नजर आया है, जब प्रदेश में अति सघन वनक्षेत्र बढ़ गया और ओपन फॉरेस्ट कम हो गया है। साल 2024-25 में प्रदेश के वनक्षेत्र में 4 करोड़ 45 लाख से अधिक पौधारोपण हुआ था।



### शहरी क्षेत्रों में नगर वन बढ़ा रहे हरियाली

वन विभाग की नई कार्ययोजना के मुताबिक 50 लाख हेक्टेयर वनक्षेत्र को हराभरा करने का भी टारगेट है। इसके लिए पांच साल की कार्ययोजना बनाई गई है। नेशनल मिशन फॉर ए ग्रीन इंडिया के तहत वनावरण तैयार किया जाना है। इसमें वनों पर आधारित 30 लाख परिवारों की आजीविका को सुधारने का भी लक्ष्य है। ग्रीन इंडिया मिशन अंतर्गत वर्ष 2017-18 से 2024-25 तक 200 करोड़ से अधिक की राशि स्वीकृत हो चुकी है। इससे 29876 हेक्टेयर क्षेत्र को उपचारित कर 7037589 पौधों का रोपण किया गया है। जंगल के अलावा शहरी क्षेत्रों में हरियाली बढ़ाने नगर वन भी तैयार किए जा रहे हैं। इन नगर वनों में कई तरह के पौधे लगाए जा रहे हैं। प्रदेश में इस तरह के 100 नगर वन विकसित करने का लक्ष्य वन विभाग ने रखा है। 26 नगर वन तैयार हो चुके हैं और 29 नगर वन बनाए जाने का काम शुरू हो चुका है।

### एक पेड़ मां के नाम अभियान का शुभारंभ करेंगे सीएम

मुख्यमंत्री डॉ. यादव पर्यावरण दिवस 5 जून को कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय सभागृह में इस वर्ष के एक पेड़ मां के नाम अभियान का शुभारंभ करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव एकीकृत पर्यावरण प्रबंधन पोर्टल लांच करेंगे। साथ ही पीएचडी छात्रवृत्ति एवं मध्यप्रदेश वार्षिक पर्यावरण पुरस्कार का वितरण भी करेंगे। विश्व पर्यावरण दिवस प्लास्टिक प्रदूषण उन्मूलन विषय पर आधारित होगा। कार्यक्रम में वन, पर्यावरण राज्य मंत्री दिलीप सिंह अहिरवार विशेष अतिथि रहेंगे। सीएम वेटलैंड एटलस का विमोचन करेंगे। इकाइयों और संस्थानों को मध्यप्रदेश वार्षिक पर्यावरण'' पुरस्कार का वितरण भी करेंगे। कार्यक्रम में प्रमुख सचिव पर्यावरण नवनीत मोहन कोठारी, एप्को के कार्यपालिक संचालक श्रीमन शुक्ला, मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सदस्य सचिव अच्युतानंद मिश्रा, पर्यावरणविद्, इकाइयों, संस्थानों के प्रतिनिधि और विभागीय अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

### नगरीय क्षेत्रों में एक करोड़ पौधे लगाने का टारगेट

आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास संकेत भोंडवे ने 5 जून से प्रारंभ हो रहे विशेष पौधरोपण अभियान की भोपाल में हुई बैठक में समीक्षा की। आयुक्त ने बताया कि अमृत योजना के अंतर्गत वूमन फॉर ट्री अभियान के तहत प्रदेश के नगरीय क्षेत्रों में सघन पौध-रोपण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अभियान में एक करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसे सभी नगरीय निकायों के सहयोग से पूर्ण किया जाएगा। आयुक्त ने नगर वनों के निमाग्ण, जल संरचनाओं के किनारों पर आठ फीट ऊंचे पौधो के रोपण और थीम आधारित उद्यानों की स्थापना जैसे लक्ष्यों पर बल दिया। उन्होंने कहा कि शासकीय भूमि को अतिगिमण से सुरक्षित रखने के लिए पौधारोपण प्रभावी उपाय है।

# 10 जून के बाद कभी भी आ सकती है आब्जर्वरों की टीम

जिला अध्यक्षों की नियुक्ति को लेकर कांग्रेस का अभियान शुरू

छिंदवाड़ा (ईएमएस)। संगठन सृजन अभियान के तहत प्रदेश के जिलों में कांग्रेस के नए अध्यक्ष चुनने के लिए आब्जर्वरों की टीम तैयार है। एआईसीसी के बाद पीससी ने भी तीन आर्ब्जवरों का पैनल तैयार कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार 10 जून के बाद कभी भी आर्ब्जवरों की टीम छिंदवाड़ा आ सकती है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने विधायक सुरेंद्र चौधरी,सुनील जायसवाल और अभिनव डिमोले को छिंदवाड़ा जिले में कांग्रेस का अध्यक्ष के लिए नाामों का पैनल तैयार करने की जिम्मेदारी दी है। ध्यान रहे राहुल गांधी के भोपाल दौरे में जिला स्तर पर भी संगठनों में बदलाव और नए और सक्रिय नेताओं को मुख्य जिम्मेदारी सौपने की उनकी मंशा जाहिर हो गई है। इसी के चलते अब जिला स्तर पर अध्यक्षों के नाम को लेकर चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है। यह पहली बार होगा कि जिला अध्यक्ष अब दिल्ली से तय होंगे। ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी इस बारे में फैसला लेगी। इसके लिए ही एआईसीसी और मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी मिलकर जिलों में ऑब्जर्वर भेज रही है ये ऑब्जर्वर जिला अध्यक्ष पद के लिए नामों का पैनल बनाएंगे। दिल्ली में हर दावेदार से बात करके नाम फाइनल किया जाएगा। ध्यान रहे प्रदेश स्तर पर आब्जर्वरों की जो टीम बनाई गई है उसमें विधायक और पीसीसी के पदाधिकारियों को शामिल किया जाएगा।

### पांच नामों का पैनल बनेगा

बताया जाता है कि इस बार जिला अध्यक्ष के लिए हर जगह से नामों का पैनल मांगा गया है। छिंदवाड़ा में इसके बाद अब इन नामों को लेकर भी चर्चाएं शुरू हो गई है। अभी तक अध्यक्षों की सीधी नियुक्ति कमलनाथ करते आ रहे हैं। आब्जर्वर अध्यक्ष पद के लिए अलग-अलग नेताओं से चर्चा करेंगे। जो नाम आएंगे उनको लेकर भी जिले भर में ब्लाक स्तर के नेताओं से राजशुमारी करेंगे उसके बाद नामों की सूची तैयार की जाएगी।

### प्रोफार्मा में देनी होगी जानकारी

अध्यक्षों की खोज करने नियुक्त आब्जर्वरों को एक प्रोफार्म दिया गया है उस आधार पर वे भावी अध्यक्षों का टटोलेंगे। इसके अलावा अध्यक्षों का अपने बारे में भी विस्तार से जानकारी देना होगी। वे कब से पार्टी से जुड़े हैं। उनका क्या व्यवसाय है। पार्टी में वे किन पदों पर रहे चुके हैं।

# चाहे कितनी भी तेज बारिश हो, पश्चिम रेलवे की लोकल ट्रेनें नहीं होंगी लेट

**मुंबई।** मुंबई की लाइफलाइन कही जाने वाली लोकल ट्रेन हर साल मानसून के दौरान ब्रेक ले लेती है। मानसून के दौरान लोकल ट्रेनों को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। इसके कारण कई बार नागरिकों को परेशानी उठानी पड़ती है। साथ ही बारिश के दौरान रेलवे ट्रैक पर पानी जमा होने से उन्हें ट्रेन में ही फंसना पड़ता है।

मगर इन परेशानियों से बचने के लिए पश्चिम रेलवे ने विशेष एहतियात बरती है। इस साल मानसून के दौरान रेलवे ट्रैक पर पानी जमा होने, पेड़ गिरने और इसके कारण लोकल ट्रेन की गति धीमी होने जैसी समस्याओं से निपटने के लिए रेलवे ने तकनीकी, भौतिक और प्रशासनिक तीनों स्तरों पर व्यापक उपाय किए हैं। इसके साथ ही मुंबई सेंट्रल डिवीजन की ओर से एक विशेष मानसून एहतियात पुस्तिका भी तैयार की गई है। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक के मुताबिक रेलवे की कार्यप्रणाली सुनिश्चित करने के लिए मिशन मोड पर कई काम किए गए हैं। इसके अलावा, 3 किमी नए सीवर और कई मैनहोल का निर्माण किया गया है। जलभराव वाले क्षेत्रों में 104 उच्च क्षमता वाले पंप लगाए गए हैं। इस वर्ष उनकी पंपिंग क्षमता में 10 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। गोरेगांव-मलाड, प्रभादेवी-माटुंगा और बोरीवली-विरार सेक्शन में माइक्रो-टनल के माध्यम से अतिरिक्त पाइपलाइन निकासी की गई है। 36 स्थानों पर बाढ़ गेज लगाए गए हैं। वसई-विरार सेक्शन में 4.5 किमी लंबी रिटेनिंग वॉल का निर्माण किया गया है ताकि ट्रैक बाढ़ से सुरक्षित रहे। पश्चिम रेलवे ने उपनगरीय खंड से कचरा, अपशिष्ट, मिट्टी को साफ करने के लिए एक मलबा विशेष ट्रेन चलाई है। ट्रैक के 4 मीटर के दायरे में आने वाले 36 पेड़ों को गिरा दिया गया है या काट दिया गया है। बाढ़ की आशंका वाले निचले इलाकों में पटरियों का उन्नयन किया गया है 5 डिजिटल स्वचालित वर्षामापी लगाए गए हैं, जो वर्षा का वास्तविक समय डेटा प्रदान करते हैं। प्रशिक्षित गश्ती दल और पुल रक्षक मानसून गश्त करेंगे। 15 स्थानों पर माइक्रो-टनलिंग की गई है और कर्मचारियों को विशेष मानसून चार्ट, मार्गदर्शन और प्रशिक्षण प्रदान किया गया है।

### पत्नी की हत्या कर पति बेटे को लेकर फरार, पति की तलाश कर रही पुलिस

**भिवंडी, ।** मुंबई से सटे भिवंडी में एक शख्स द्वारा अपनी पत्नी की हत्या कर अपने आठ साल के बेटे को लेकर फरार होने का सनसनीखेज घटना सामने आया है। यह घटना भिवंडी शहर के ताड़ाली इलाके में एक किराए के मकान में हुई। इस संबंध में नारपोली पुलिस स्टेशन में हत्यारे पति के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया गया है।

# दिव्यांगजन क्षमता, योग्यता और संघर्ष से समाज में अपना स्थान बनाते हैं: सीएम

**दिव्यांगजन को शासकीय नौकरियों की सीधी भर्ती में मिल रहा अतिरिक्त दो प्रतिशत आरक्षण**

● भोपाल /




मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि दिव्यांगजन अपनी क्षमता, योग्यता, संघर्षशीलता और सकारात्मकता के आधार पर समाज में अपना स्थान बनाते हैं। यह आत्मविश्वास ही उन्हें विशेष पहचान देता है। मध्यप्रदेश सरकार उन्हें हर स्तर पर प्रोत्साहित करने और सहयोग प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि परमात्मा हमारे शरीर में भले ही कोई एक गुण कम करता है, लेकिन बदले में कई गुण बढ़ाकर भी देता है। दिव्यांगजन समाज के महत्वपूर्ण अंग हैं। उनकी अपने-अपने क्षेत्र में योग्यताएं हैं। राज्य सरकार ने दिव्यांगजनों के लिए शासकीय नौकरियों (सीधी भर्ती) में अतिरिक्त दो प्रतिशत आरक्षण दिया है। मुख्यमंत्री दिव्यांगजन को नियुक्ति पत्र तथा अन्य हितलाभ वितरण कार्यक्रम को पंडित खुशीलाल शर्मा शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय एवं संस्थान के सभागार में संबोधित कर रहे थे। सीएम ने कहा कि ईश्वर ने पृथ्वी पर हमारे जन्म की रचना की है। परमात्मा ने जरुरतमंदों के लिए कुछ बेहतर पुण्य कर्म करने का अवसर भी दिया है। मुख्यमंत्री ने महाकवि सूरदास, अष्टावक्र, सुकरात, स्वामी रामभद्राचार्य, संगीतकार रवींद्र जैन का उदाहरण देते हुए कहा कि शारीरिक सौंदर्य और शारीरिक पूर्णता से नहीं अपितु विशेषज्ञता पूर्ण क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान देकर इन महान व्यक्तित्वों ने समाज में योगदान दिया और इतिहास में स्थान बनाया।

■ **प्रदेश में 2600 पदों पर की गई दिव्यांगजन की भर्ती:** सामाजिक न्याय एवं समाज कल्याण मंत्री नारायण सिंह कुशवाहा ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव प्रदेश की संस्कृति को संजोए रखने के लिए संकल्पित हैं। उनके नेतृत्व में राज्य सरकार गरीब, किसान (अन्नदाता), युवा और नारी कल्याण के लिए अनेक योजनाएं संचालित कर रही है। दिव्यांगजन के लिए भी अनेक कल्याणाकारी कार्य किए जा रहे है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के मार्गदर्शन में उनकी संवेदनशीलता परिलक्षित होती है। देश भर में दिव्यांगजन के लिए चार प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान है, लेकिन मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उन्हें नौकरियों में 6 प्रतिशत आरक्षण दिया है। प्रदेश में 2600 पदों पर दिव्यांगजनों की भर्ती की गई है। लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव दिव्यांगजनों के प्रति अत्यंत संवेदनशील हैं। वे सदैव दिव्यांगजन से संवाद के लिए तत्पर रहते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का संकल्प है कि सबको सम्मान से जीने का अधिकार मिले और समाज के किसी भी व्यक्ति को किसी की दया पर जीवन न जीना पड़े।

**कवायद** संगठन को नए सिरे से गढ़ने की कवायद, जिलाध्यक्षों से होगी शुरूआत, कांग्रेस में अब पदाधिकारियों के चयन की पूरी प्रक्रिया बदल रही

# क्या प्रदेश में कैडरबैस होगी कांग्रेस, राहुल की बैठक से मिले संकेत

● भोपाल /



आंदोलन से उपजी कांग्रेस क्या भविष्य में कैडरबैस होगी। कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के कल के भोपाल दौरे में ली गई बैठकों से तो कम से कम यहीं मायने निकल रहे हैं। क्षत्रपों की पार्टी कहे जाने वाली कांग्रेस में अब पदाधिकारियों के चयन की पूरी प्रक्रिया बदल रही है। राहुल गांधी की पहल पर चल रही इस कवायद से संदेश साफ है कि अब इस पार्टी क्षत्रपों और पट्ठाबाद से बाहर निकलना चाहती है। इसकी शुरूआत जिलाध्यक्षों के चयन से की जा रही है, जिसके लिए कांग्रेस आलाकमान ने पर्यवेक्षक नियुक्त कर दिए हैं।

कांग्रेस को हमेशा लीडरबेस पार्टी माना जाता रहा है। प्रदेश में चार दशक तक सत्ता में रहने वाली यह पार्टी पिछले बीस साल से सत्ता से बाहर है। 2018 में उसकी सरकार बामुश्किल बनी तो पर अंतर्विरोधों के चलते महज 15 महीने में ही गिर गई। लगातार सत्ता से दूरे रहने का असर संगठन पर भी पड़ा है। खासकर पिछले तीन-चार सालों में कांग्रेस के कई बड़े नेताओं ने पार्टी का अलविदा कहा है। इससे पार्टी की साख पर भी असर पड़ा है। राहुल गांधी ने अब मध्यप्रदेश पर फोकस किया है। कांग्रेस नेताओं की माने तो 2016 में राहुल गांधी ने प्रदेश में संगठन नेताओं की बैठक ली थी, उसके बाद वे किसी रैली या अन्य कार्यक्रम में प्रदेश के दौरे पर तो आए पर संगठन से जुड़े मसलों पर कोई बात कार्यकर्ताओं से नहीं हुई। मंगलवार को राहुल गांधी ने छह घंटे से अधिक का समय कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ बिताया। उन्होंने एक के बाद एक कई बैठकें ली और आला नेताओं से साफ कहा कि अब गुटबाजी नहीं चलेगी। लंगड़े घोड़ों और बारात वाले घोड़ों की चर्चा कर उन्होंने इस बात को भी साफ कर दिया कि अब उम्रदराज नेताओं को मार्गदर्शक मंडल में बैठाने का समय आ गया है। बैठक में उन्होंने साफ कहा कि अब किसी नेता के समर्थक को पद नहीं सौंपा जाएगा। उनका यह कहना कि अब रेस में दौड़ने वाले घोड़े ही हमारे साथ चलेंगे, यह बताता है कि अब पद से लेकर टिकट वितरण में पट्ठाबाद नहीं चलेगा। जिलाध्यक्षों के चयन में उसे ही वरीयता मिलेगी जो पार्टी के लिए सच्चे मन से काम कर रहा है। राहुल गांधी जो कहा, उससे यह भी साफ है कि कांग्रेस अब प्रदेश में युवाओं की नई टीम खड़ी करना चाहती है। एक ऐसी टीम जो आने वाले सालों के लिए पार्टी को मजबूती दे। राहुल जानते हैं कि मध्यप्रदेश में तीसरी ताकत मजबूत नहीं है। ऐसे में कांग्रेस को नए सिरे से खड़ा कर भाजपा को वे आने वाले सालों में तगड़ी चुनौती पेश करना चाहते हैं। पिछले विधानसभा और उसके बाद लोकसभा चुनाव में मिली बड़ी पराजय को भुलाकर वे संगठन को ब्लाकस्तर तक मजबूत करना चाहते हैं। जिलाध्यक्षों के चयन की प्रक्रिया को इसकी शुरूआत माना जा रहा है। राहुल गांधी ने यह कहकर कार्यकर्ताओं में उत्साह का संचार करने का प्रयास किया है कि अब टिकट वितरण में जिलाध्यक्षों की राय महत्वपूर्ण होगी। राहुल गांधी की मंशा अच्छी है पर क्षत्रपों में बंटी कांग्रेस में जिलाध्यक्षों के चयन में स्थापित नेताओं के प्रभाव से पार्टी कैसे अपने आप को बचा पाएगी, यह उसके सामने बड़ी चुनौती है। कांग्रेस की दिक्कत यही है कि उसके पास जो कार्यकर्ता हैं वे पार्टी के कम और नेताओं के प्रति वफादार ज्यादा है। इसी से निजात राहुल चाह रहे हैं।

### वाशी खाड़ी ब्रिज की दूसरी लेन के उद्घाटन से वाशी-मानखुर्द का सफर हुआ आसान

**मुंबई।** सायन-पनवेल हाईवे पर वाशी खाड़ी ब्रिज पर ट्रैफिक की भीड़ कम करने के लिए बनाया गया दूसरा तीन लेन का ब्रिज गुरुवार से चालू हो गया है। इससे वाशी से मुंबई आने वाले वाहनों की यात्रा में तेजी आ गई है और यात्रा आसान हो गया है। बता दें कि सायन-पनवेल हाईवे पर ठाणे खाड़ी ब्रिज नंबर 3 साउथ चैनल का उद्घाटन गुरुवार को मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने वीडियो कॉन्फ्रेंस सिस्टम के जरिए किया। इसके बाद इस बहुप्रतीक्षित रूट को चालू कर दिया गया। फिलहाल मानखुर्द और नवी मुंबई को जोड़ने के लिए वाशी खाड़ी पर छह लेन का ब्रिज है। इस ब्रिज को 1994 में खोला गया था। हालांकि ट्रैफिक का दबाव बढ़ने से वाशी टोल प्लाजा इलाके में बड़ा ट्रैफिक जाम हो जाता था। उसी के समाधान के तौर पर यह नया ब्रिज बनाया गया है। वाशी खाड़ी ब्रिज पुणे और नवी मुंबई इलाकों से मुंबई पहुंचने के लिए अहम है। इस पर वाहनों का भार बड़ी तेजी से बढ़ा है। वहीं नवी मुंबई एयरपोर्ट के खुलने के बाद इस रूट पर ट्रैफिक और बढ़ सकता है।

प्रकाशक, मुद्रक, स्वत्वाधारी एवं संपादक सुनील वर्मा के लिए 1/4, परदेशीपुरा इन्दौर से प्रकाशित एवं दैनिक भास्कर प्रेस 4/54 प्रेस कॉम्प्लेस एबी रोड इंदौर मध्यप्रदेश इन्दौर से मुद्रित.
कार्पोरेट कार्यालय : 301, अरु प्लाजा एमजी रोड इन्दौर (म.प्र.) सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा। * मो.: 9425491979, 7000877686, E-mail: janbhavana.ind@gmail.com